वर्ष-11 अंक-46 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये
प्रयागराज, बुधवार 23 अप्रैल 2025
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
आधुनिक समाचार Adhunik Samachar
आधुनिक समाचार नेटर्वक
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित
Download From Google Play
Adhunik Samachar
11 YEARS ANNIVERSARY

## संक्षिप्त समाचार

### रुद्रपुर में दशकों पुरानी मजार ध्वस्त, प्रशासन और एनएचएआइ की कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रुद्रपुर के इंदिरा चौक पर पुलिस, प्रशासन और एनएचएआइ की टीम ने सैय्यद मासूम शाह मिया और सज्जाद मिया की दशकों पुरानी मजार को ध्वस्त कर दिया। रुद्रपुर के इंदिरा चौक पर पुलिस, प्रशासन और एनएचएआइ की टीम ने सैय्यद मासूम शाह मिया और सज्जाद मिया की दशकों पुरानी मजार को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और इंदिरा चौक से डीडी चौक तक यातायात बंद कर दिया गया। काशीपुर व किच्छा बायपास से वाहनों को निकाला गया, जबकि मीडिया कर्मियों को नगर निगम गेट पर रोक दिया गया। एसएसपी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि, रुद्रपुर में पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और एनएच की संयुक्त टीम ने तड़के बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। संयुक्त टीम ने भारी फोर्स की मौजूदगी में बुलडोजर से धार्मिक स्थल को ढहा दिया। इस कार्रवाई के दौरान डीडी चौक से इंदिरा चौक तक आवाजाही को बंद रखा गया था। इसके साथ ही ट्रैफिक काशीपुर बाईपास और किच्छा बाईपास में डायवर्ट किया गया था। सड़क को आठ लेन बनाया जा रहा है और इसके आड़े धार्मिक संरचना आ रही थी। इस संबंध में पूर्व में इसे हटाने का नोटिक दिया गया था। इस कार्रवाई के लिए जिले के कई थानों का फोर्स जगह जगह तैनात किया गया था। पुलिस ने सुबह की खुलने वाली इसके आसपास की दुकानों को भी बंद करा दिया था। इस दौरान किसी ने विरोध कार्रवाई का विरोध नहीं किया। हालांकि विरोध की आशंका के चलते इस इलाके में दोपहर 12 बजे तक भारी फोर्स तैनात किया गया है। कार्रवाई के दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, एमएनए नरेश दुर्गापाल सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम ने निभाई शिक्षक की भूमिक, भावी वैज्ञानिकों से किया संवाद,17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 27 अप्रैल तक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं ठविज्ञान मंथन यात्राठ का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने इस यात्रा के लिए



चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी कियामुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं ठविज्ञान मंथन यात्राठ का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने इस यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास परिसर में टेलिस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान पर विस्तार पूर्वक संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं आप सभी के बीच मुख्यमंत्री या किसी शिक्षक नहीं मित्र के रूप में उपस्थित हूं। आपके जीवन के लिए यह विज्ञान मंथन यात्रा उपयोगी सिद्ध होगी। पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ विद्यार्थी जब विज्ञान से जुड़े नामी-गिरामी संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करते हैं तो यह ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव शरीर और प्रकृति का भी समन्वय है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रक्रियाएं जानने और समझने का विषय है। प्राण भी 5 प्रकार के हैं, जो श्वसन प्रणाली, हृदय, वाणी, पाचन प्रणाली, उत्सर्जन और प्रजनन प्रणाली और मांसपेशी के साथ परिसंचरण प्रणाली के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैपकॉस्ट जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभा रही हैं।

## छात्र-छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति ने बिखेरा जलवा, स्टैंडअप कॉमेडी देख लगे ठहाके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस साल सांस्कृतिक उत्सव की थीम मिथक और रहस्य रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने



प्राचीन रहस्यों की कहानियों को आधुनिक अंदाज में सुनाया। कार्यक्रम में अमर उजाला नॉलेज पार्टनर था। नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलॉजी (एनएसयूटी) के तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव मोक्ष का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन छात्रों ने नृत्य प्रस्तुतिओं से जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा कॉलेजों के बच्चों ने 100 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस साल सांस्कृतिक उत्सव की थीम मिथक और रहस्य रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्राचीन रहस्यों की कहानियों को आधुनिक अंदाज में सुनाया। कार्यक्रम में अमर उजाला नॉलेज पार्टनर था।अंतिम दिन सांस्कृतिक व हिपहॉप नृत्य चर्चा का केंद्र रहा। अलग-अलग नृत्य ने छात्रों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दौरान पुशअप, ठग ऑफ वॉर समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं।

## पिता की तरह ही तुम्हारी भी हत्या होगी', मेल में धमकी के साथ जीशान सिद्दीकी से मांगे गए 10 करोड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में पिछले साल एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब उनके बेटे को जान से मारने की धमकी मिली है। ईमेल



के जरिए जीशान सिद्दीकी को धमकी भेजी गई है, जिसमें उनसे 10 करोड़ रुपये की डिमांड भी की गई है। फिलहाल मुंबई पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे और एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। जानकारी के मुताबिक, ईमेल में कहा गया है कि उनके पिता की तरह ही उन्हें भी जान से मार दिया जाएगा। इसके साथ ही ईमेल में जीशान सिद्दीकी से 10 करोड़ रुपए की मांग की गई है। वहीं ईमेल भेजने वाले ने आगे कहा कि वह हर छह घंटे में ऐसे ईमेल भेजेगा। फिलहाल मुंबई पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।वहीं इस मामले में एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी ने कहा, 'मुझे डी कंपनी से मेल के जरिए धमकी मिली है, जैसा कि मेल के अंत में बताया गया है, उन्होंने 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। पुलिस ने विवरण ले लिया है और बयान दर्ज कर लिया है। हमारा परिवार इस वजह से परेशान है।'एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को 12 अक्तूबर की रात उनके बेटे और कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी के ऑफिस से बाहर निकलने के दौरान गोली मारी गई थी। जिसके बाद लीलावती अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक कथित शूटर शिवकुमार गौतम सहित 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। अनमोल बिश्नोई इस मामले में वांछित आरोपी है। पुलिस ने 30 नवंबर को गिरफ्तार किए गए 26 आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की कठोर धाराएं लगाईमुंबई पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड में शामिल बदमाशों ने यूट्यूब पर देखकर हथियार चलाना सीखा था, जबकि मुख्य आरोपी शिवकुमार गौतम ने शादियों में आतिशबाजी के लिए की गई फायरिंग के दौरान हथियार चलाना सीखा था। इन सभी ने कुर्ला इलाके में एक किराए के मकान में यूट्यूब पर वीडियो देखकर हथियार चलाना सीखा था। मुंबई क्राइम ब्रांच का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या करने से पहले शूटर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे। इतना ही नहीं इन तीन आरोपियों ने अनमोल से स्नैपचेट के जरिए बात की थी।

## शकर छोड़कर बदली जिंदगी, 30 दिन में कई बीमारियां खत्म, बेहद खास थी डाइट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुगर फ्री अभियान में 2050 लोगों में से 1800 ने पूरे 30 दिन तक शकर और मिठाई से दूरी बनाई। सर्वे में 76.7ज्ञ् लोगों ने



एनर्जी लेवल बढ़ने की बात कही, 56ज्ञ् का वजन घटा, 52ज्ञ् को जोड़ों के दर्द में राहत मिली और 40ज्ञ् की त्वचा में निखार आया।शुगर फ्री मासिक अभियान के पहले ही महीने में उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। इस अभियान में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने लगातार 30 दिन तक शकर और मिठाई का सेवन नहीं किया। एक सर्वे में शामिल 500 लोगों में से 76.7ज्ञ् ने बताया कि उनका एनर्जी लेवल पहले से अधिक हो गया है। वहीं, 56ज्ञ् प्रतिभागियों ने दावा किया कि उनका वजन कम हुआ है। 52ज्ञ् लोगों ने जोड़ों के दर्द में राहत मिलने की बात कही। 40ज्ञ् ने त्वचा में निखार महसूस किया और 20ज्ञ् का कहना था कि उनके जीवन में मानसिक और शारीरिक रूप से सकारात्मक बदलाव आए हैं।अभियान प्रमुख नीरज याग्निक ने जानकारी दी कि यह शुगर फ्री अभियान 20 मार्च से 19 अप्रैल तक चलाया गया, जिसमें कुल 2050 लोग जुड़े। इनमें से 1800 लोगों ने पूरे महीने शकर और मिठाई से पूरी तरह परहेज किया। अभियान की समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। नीरज याग्निक ने यह भी बताया कि यह अभियान हर तीन महीने में चलाया जाएगा।

## चुनाव में आप की चुप्पी से कांग्रेस की हारकर भी जीतने की रणनीति


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एमसीडी में मेयर-डिप्टी मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के भाग न लेने से अब भाजपा व कांग्रेस आमने-सामने आई हैं। आप ने इन चुनावों से दूरी बनाकर सभी



को चौंका दिया है, जिससे मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित हो गया है। एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव भले ही औपचारिक हों, लेकिन इस बार की रणनीतियां भविष्य की राजनीति की जमीन तैयार करती दिख रही हैं। आम आदमी पार्टी के इन पदों के लिए प्रत्याशी न उतारने के फैसले ने भले ही उसे एक रणनीतिक विराम देने की कोशिश बताई हो, लेकिन कांग्रेस ने मौके को भुनाते हुए जिस तरह से अपनी राजनीतिक चालें चली हैं, उसने 'हारकर भी जीतने' की कोशिश करने का संदेश दिया है। कांग्रेस ने वरिष्ठ पार्षद मनदीप सिंह को मेयर और युवा नेता अरिबा खान को डिप्टी मेयर पद के लिए मैदान में उतार कर एक तीर से कई शिकार साधने की कोशिश की है। एक तरफ उसने भाजपा के सामने सीधे-सीधे खड़ा होकर यह संकेत दिया कि अब दिल्ली में मुख्य विपक्ष कांग्रेस ही है। दूसरी ओर उसने आप के लिए स्थिति को बेहद असहज बना दिया है। आप के मैदान से हटने के बाद कांग्रेस ने एक ऐसा नैरेटिव गढ़ा है जिसमें 'मतदान से दूरी' को भाजपा की मदद के रूप में पेश किया जाएगा।अगर आप चुनाव में भाग नहीं लेती तो कांग्रेस उसे भाजपा की बी टीम बताने से पीछे नहीं हटेगी।

## आरबीआई का बड़ा फैसला, 10 साल के बच्चे अब खुद चला सकेंगे अपना बैंक खाता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को जारी एक परिपत्र में कहा कि किसी भी आयु के नाबालिगों को



अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने इस संदर्भ में नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन पर संशोधित निर्देश जारी किये हैं।रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को जारी एक परिपत्र में कहा कि किसी भी आयु के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। उन्हें अपनी मां को अभिभावक के रूप में रखकर भी ऐसे खाते खोलने की अनुमति दी जा सकती है।शीर्ष बैंक की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया, कम-से-कम दस वर्ष की आयु सीमा और उससे ऊपर के नाबालिगों को उनकी इच्छा पर स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। इसमें बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए राशि और शर्त तय कर सकते हैं। इस बारे में जो भी नियम और शर्तें तय की जाती हैं, उस बारे में खाताधारक को जानकारी दी जाएगी।इसके अलावा, वयस्क होने पर, खाताधारक के नये संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया, बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद और ग्राहकों के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त सुविधाएं देने के लिए स्वतंत्र हैं।बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से संचालित हों या अभिभावक के माध्यम से, उनसे अधिक निकासी न हो और इसमें हमेशा राशि रहे।

## फतेहाबाद में पहली बालिका पंचायत को लेकर मतदान शुरू, दो बजे आएगा परिणाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गांव की 150 बेटियां बालिका पंचायत को लेकर अपने सरपंच और पंचों को चुनाव करने को लेकर मतदान कर रही है। यह बालिका पंचायत ग्राम पंचायत के साथ मिलकर कार्य करेगी। फतेहाबाद के गांव बरसीन में बालिका पंचायत को लेकर सुबह नौ बजे वोटिंग शुरू हुई। 12 बजे तक मतदान होगा। बालिका पंचायत में सरपंच और चार पंच के पदों को लेकर मतदान हो रहा है। पांच पंच पदों का फैसला सर्वसम्मति से कर लिया गया। दोपहर दो बजे तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बैलेट पेपर के माध्यम से यह चुनाव चल रहे हैं। गांव की 150 बेटियां बालिका पंचायत को लेकर अपने सरपंच और पंचों को चुनाव करने को लेकर मतदान कर रही है। यह बालिका पंचायत ग्राम पंचायत के साथ मिलकर कार्य करेगी व गांव में जागरूकता फैलाएगी, गांव की समस्याओं को ग्राम पंचायत के सामने प्रमुखता से उठाएगी।



## एनजीटी के प्रयासों से हो रही दिल्ली की सुरक्षा, रिज के संरक्षण समेत कई मामलों में की कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस साल विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ''हमारी शक्ति, हमारी पृथ्वी'' है। यह विषय स्वच्छ




ऊर्जा को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सामूहिक कार्रवाई पर केंद्रित है। एनजीटी का काम इस थीम के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। राजधानी में पर्यावरण के नियमों की रक्षा को लेकर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) पृथ्वी की सुरक्षा में अहम भूमिका अदा कर रहा है। कुछ सालों में एनजीटी ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों पर ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। इनमें प्रदूषण नियंत्रण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वनों की कटाई, अवैध खनन और तटीय क्षेत्र के विनियमन से संबंधित मामले शामिल हैं।यही नहीं, अदालत के आदेशों ने पर्यावरण कानूनों को लागू करने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ''हमारी शक्ति, हमारी पृथ्वी'' है। यह विषय स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सामूहिक कार्रवाई पर केंद्रित है। एनजीटी का काम इस थीम के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, क्योंकि यह पर्यावरण की सुरक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।चाहे फिर वह दिल्ली रिज का संरक्षण, यमुना नदी का प्रदूषण और वायु गुणवत्ता से संबंधित मुद्दे हो। इन पर सख्ती दिखाते हुए एनजीटी ने संबंधित प्राधिकारियों को फटकार लगाकर कई मामलों में जुर्माना भी लगाया है। पूरे साल एनजीटी वायु गुणवत्ता के मुद्दों पर बारीक नजर रखता है। सर्दियों में दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है। इस दौरान बीती सर्दियों में एनजीटी ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को मात्रात्मक और व्यापक कार्य योजना तैयार करने का आदेश दिए। एनजीटी ने पूर्वी दिल्ली की हवा में भारी धातुओं के प्रदूषण के मामले में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और अन्य प्राधिकारियों को नोटिस जारी किया था।

## थर्ड पार्टी एप न करें डाउनलोड, वाईफाई के इस्तेमाल में बरतें सावधानी; पुलिस की पाठशाला दी गई जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिला साइबर पुलिस थाना में एसआई मोहित कुमार ने छात्रों को साइबर पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मोहित कुमार ने कहा कि गूगल एकाउंट के पासवर्ड के लिए मोबाइल नंबर और जन्मतिथि का इस्तेमाल न करें। सोशल मीडिया पर सस्ते उत्पादों का प्रलोभन देने वालों को अपनी निजी सूचना न दें। शाहदरा के कबीर नगर स्थित लिटिल फ्लावर्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को समझाया गया कि थर्ड पार्टी एप न डाउनलोड करें, सार्वजनिक वाईफाई के इस्तेमाल में सावधानी बरतें, सोशल मीडिया एकाउंट को टू स्टेप ऑथेंटिकेशन से सुरक्षित करें। पाठशाला में




उत्तर-पूर्वी जिला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संदीप लांबा ने छात्रों को आत्मबल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को ग्राफ के माध्यम से समय के साथ सीखने की क्षमता को भी समझाया। उत्तर-पूर्वी जिले के साइबर थाना प्रभारी विजय कुमार ने कहा कि एंड्रॉइड पैकेज किट (एपीके) फाइल को डाउनलोड न करें। इससे धोखाधड़ी करने वाले ठगों को रिमोट एक्सेस मिल जाएगा और वे आपकी हर गतिविधि की निगरानी कर सकेंगे। इस दौरान चेयरमैन राजेश कुमार दुआ और लिटिल फ्लावर्स ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रबंध निदेशक रोहित दुआ पटेल, वेलकम थाने के एसएचओ रूपेश कुमार खत्री सहित 250 छात्र उपस्थित रहे।उत्तर-पूर्वी जिला साइबर पुलिस थाना में एसआई मोहित कुमार ने छात्रों को साइबर पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मोहित कुमार ने कहा कि गूगल एकाउंट के पासवर्ड के लिए मोबाइल नंबर और जन्मतिथि का इस्तेमाल न करें। सोशल मीडिया पर सस्ते उत्पादों का प्रलोभन देने वालों को अपनी निजी सूचना न दें।

## 20 से अधिक महिलाओं ने एक साल में 5-5 बार बच्चों को दिया जन्म अखिलेश ने फर्जीवाड़े पर भाजपा पर कसा तंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आगरा में जननी सुरक्षा योजना में हुए फर्जीवाड़े को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भाजपा राज में धांधली और भ्रष्टाचार का ये कमाल है कि कहीं मतदाता सूची में 37 मतदाताओं का एक पिता दर्ज है और अब 'जननी सुरक्षा योजना' में इस फ़र्ज़ीवाड़े का भंडाफोड़ हुआ है कि 20 से अधिक महिलाओं ने एक साल में 3 ही नहीं 5-5 बार बच्चों को जन्म दिया है, ये रिकॉर्ड दर्ज है, जिसका असली मक़सद ये है कि शासन-प्रशासन मिलजुल कर इस योजना का पैसा खा सके। ये है भाजपा की योजनाओं और फर्जी आंकड़ों का सच।शासन की ऑडिट रिपोर्ट में वर्ष 2021 से 2024 तक के जेएसवाई और नसबंदी की प्रोत्साहन राशि में करीब 38.95 लाख रुपये का फर्जी भुगतान मिला। सबसे ज्यादा फतेहाबाद सीएचसी में 19.65 लाख रुपये की गड़बड़ी पकड़ी गई है। ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि फतेहाबाद सीएचसी में गीता देवी के 4 फरवरी, 2023 से 29 अगस्त, 2023 तक 10 बार प्रसव दिखाए गए। खाते में 14 हजार रुपये आए। आरती के 29 अगस्त, 2022 से 22 नवंबर, 2022 तक तीन प्रसव दिखाए गए। 4,200 रुपये खाते में आए। ऐसी ही 20 से अधिक महिलाओं के औसतन एक या दो-तीन महीने में फर्जी प्रसव-नसबंदी दिखाई गई। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। फर्जीवाड़े में और कौन शामिल हैं, पुलिस जांच कर रही है। धनराशि की वसूली भी की जाएगी।








# झूंसी में अपहृत कर युवक की गला दबाकर हत्या से फैली सनसनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज/झूंसी।** कोहना निवासी लक्ष्मीनारायण तिवारी उर्फ मल्लू पुत्र विष्णु कुमार 30 तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सोमवार की देर शाम वह घर से बाहर निकला तो देर रात तक नहीं लौटा। घर वालों ने उसकी खोजबीन की तो गंगा पथ के निकट उसकी निर्वस्त्र लाश मिली। खोजबीन करने पर घटनास्थल से कुछ दूर पर उसके चप्पल कपड़े आदि मिले। उसका मोबाइल फोन गायब पाया गया। मल्लू को गला घोंटने के साथ ईंट पत्थर से कूछ कर हत्या की गई थी। पिता विष्णु कुमार का कहना है कि मोहल्ले के कुछ निषाद बिरादर के युवकों से उसकी कुछ दिनों पूर्व कहासुनी व मारपीट हुई थी। तीन भाइयों में सबसे बड़े प्रशांत अधिवक्ता हैं, दूसरे नंबर पर प्रवीण कुमार अभी पढ़ाई कर घर पर ही है, लक्ष्मी नारायण पढ़ाई के साथ अप्पे भी चलता था, जो घर परिवार के खर्चे में काम आता था। माता अनुराधा तिवारी रो-रोकर हाल बेहाल हैं। परिजनों की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने आधे दर्जन से अधिक युवकों को पूछताछ के लिए उठाया है। मृतक के भाई प्रशांत तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सतुआ बाबा आश्रम घाट स्थित पुलिया के निकट गांव के रवि निषाद उसे गाड़ी पर बैठाकर ले गया। जहां वहां पहले से मौजूद दत्तू, नत्थू, कुटेश, सुनील निषाद उर्फ महरा, मंगल निषाद व प्रदीप पासी सहित तीन अन्य लोग अज्ञात मिलकर उसकी हत्या कर दी। रविवार को मंगल निषाद व प्रदीप पासी ने झूंसी पुलिया के पास लक्ष्मी नारायण को मारपीट कर जबरन गाड़ी में बैठा रहे थे। धमकी दिए थे कि तुम्हे जान से मार देंगे। पुलिस ने रवि निषाद सहित सात नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस हत्या में आरोपित कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# प्रतियोगी छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइट नोट में लिखा- माफ करना मम्मी-पापा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** फाफामऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टेशन मास्टर के बेटे ने सोमवार को फांसी लगाकर जान



दे दी। घटना के समय उसके मम्मी-पापा गांव गए थे। आसपास रहने वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। फाफामऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टेशन मास्टर के बेटे ने रविवार की रात को फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय उसके मम्मी-पापा गांव गए थे। सुबह मकान मालिक किसी काम से पहुंचे तो कमरा बंद मिला। खिड़की से देखा तो उसका शव गमछे के सहारे लटक रहा था। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट भी मिल है। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग बदहवास हो गए। मूल रूप से भदोही के रहने वाले संतोष कुमार सिंह फाफामऊ के पास स्थित भदरी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर पद पर तैनात हैं। वह परिवार के साथ फाफामऊ बाजार के पास प्रसिद्धकापुरा में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा वैभव कुमार सिंह (19) बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। साथ ही वह कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। संतोष कुमार सिंह पत्नी के साथ गांव गए हुए हैं। वैभव कमरे पर अकेला था।

# देश में गूंजी प्रयागराज की शक्ति, शहर की पुरानी पहचान दिलाई वापस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** दशकों पुराना लंबा इंतजार आखिर खत्म हुआ और प्रयागराज की बेटी शक्ति दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि)



के साथ इस शहर को अपनी पुरानी पहचान वापस दिलाई।

शक्ति ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई एसएमसी घूरपुर से की। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में वर्ष 2013 में बीएससी में दाखिला लिया। शुरू से मेधावी रहीं शक्ति ने बीएससी में टॉप करने के साथ 2016 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। फिर बीएचयू, वाराणसी में एमएससी बायोकेमेस्ट्री में दाखिला लिया। वह एमएससी में भी गोल्ड मेडलिस्ट रहीं और फिर वर्ष 2020 में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली चली गईं।हालांकि, कोविड के कारण शक्ति को वापस प्रयागराज आना पड़ा। लेकिन, अफसर बनने के जुनून में वह घर में ही रहकर ऑनलाइन तैयारी करती रहीं। बेटी की सफलता से उत्साहित सब इंस्पेक्टर पिता देवेंद्र दुबे बताते हैं कि सिविल सेवा परीक्षा-2023 में शक्ति ने इंटरव्यू तक का सफर पूरा किया, लेकिन अंतिम चयन से वंचित रह गईं। इस बार दोगुने उत्साह के साथ तैयारी की। मुख्य परीक्षा में राजनीति विज्ञान विषय के साथ शामिल हुईं और इंटरव्यू में भी शानदार प्रदर्शन रहा।नैनी में मामा भांजा तालाब के पास सोमेश्वर नगर कॉलोनी में सिविल सेवा परीक्षा की टॉपर शक्ति दुबे के घर पर मंगलवार को दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। घर में मौजूद पिता देवेंद्र दुबे, मां प्रेमा देवी और शक्ति की जुड़वा बहन प्रगति दुबे की खुशी का ठिकाना नहीं था। बड़े भाई आशुतोष लखनऊ में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। शक्ति की सफलता पर बधाई के लिए आस-पड़ोस के लोगों का घर में देर रात तक आना-जाना लगा रहा। शक्ति दुबे का परिवार मूल रूप से बलिया जिले के बैरिया तहसील, थाना दोकती के वाजिदपुर गांव का रहने वाला है। पिता देवेंद्र दुबे प्रयागराज में ही सब इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में एडीसीपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह के पेशकार हैं। सब इंस्पेक्टर पिता देवेंद्र दुबे और गृहणी मां प्रेमा देवी ने बेटी शक्ति दुबे में आईएएस बनने का जज्बा जताया। मां का कहना है कि बेटी हमेशा सोशल मीडिया से दूर रही। घर में रहकर आराम से तैयारी कर सके, इसके लिए वाईफाई लगवा दिया था। मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी बहुत जरूरत पड़ने पर करती थी। शक्ति की जुड़वा बहन प्रगति और बड़े भाई आशुतोष भी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। पिता और मां को विश्वास था कि शक्ति को सफलता मिलेगी और भविष्य में उनके दोनों बच्चे भी आईएएस अफसर बनेंगे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के बायोकेमेस्ट्री विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अभय कुमार पांडेय ने कहा कि बीएससी में पढ़ाई के दौरान बायोकेमेस्ट्री विषय में शक्ति और उनकी जुड़वा बहन प्रगति के बीच हमेशा टॉप रहने की होड़ रही।

# आप सांसद संजय सिंह बोले- सेना को कमजोर न करें पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे मोदी सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कश्मीरियत के खिलाफ है वहां के लोग भी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को शह दे रहा है तो उस पर भी कार्रवाई करें। हीलाहवाली न करें। सेना की संख्या कम न करें। जवान ही सुरक्षा करते हैं। सेना में एक लाख 80 हजार जवान कम किए गए हैं। कोविड में कोई भर्ती नहीं की गई है फिर भी अग्निवीर योजना लेकर आए गए।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सेना को कमजोर न करे ओर सख्त कार्रवाई करे। संजय सिंह लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरे से वापस आ गए हैं।

# सपा विधायक जाहिद बेग, उनकी पत्नी और बेटे नईम की जमानत अर्जियों एक साथ सुनवाई करेगी कोर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग, उनकी पत्नी सीमा बेग और बेटे नईम बेग की जमानत अर्जियों पर हाईकोर्ट एक साथ सुनवाई करेगी। इस मामले में कोर्ट ने यूपी सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए छह मई तक की आखिरी मोहलत दी है। भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग, उनकी पत्नी सीमा बेग और बेटे नईम बेग की जमानत अर्जियों पर हाईकोर्ट एक साथ सुनवाई करेगी। इस मामले में कोर्ट ने यूपी सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए छह मई तक की आखिरी मोहलत दी है। मामले



की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है। भदोही के मलिकाना मोहल्ले में सपा विधायक जाहिद बेग के आवास पर बीते आठ सितंबर 2024 को एक किशोरी ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर लिया था, जबकि एक दूसरी नाबालिग नौकरानी भी बरामद हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और श्रम अधिनियम में विधायक, उनकी पत्नी सीमा बेग एवं बेटे जईम बेग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विधायक ने जहां कोर्ट में सरेंडर किया। वहीं, बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। विधायक की पत्नी सीमा बेग अब भी फरार चल रही हैं।

# बगीचे में सो रहे सपेरों के परिवार को पिकअप ने रौंदा, बाप-बेटी की मौत; दो लोग गंभीर घायल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके के रामपुर गांव में बगीचे में सो रहे सपेरों के परिवार को पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में बाप-बेटी की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दर्दनाक हादसा हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके के रामपुर गांव में सोमवार रात बगीचे में सो रहे सपेरों के परिवार को पिकअप ने रौंद दिया। घटना में मौके पर बाप-बेटी की मौत हो गई, वहीं परिवार के दो अन्य लोग गंभीर घायल हो गए। बगीचे में मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना भेजा, साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारा थाना क्षेत्र के लोहगरा जज्जीपुर गांव के रहने वाले जयनाथ पुत्र कैलाश नाथ अपने परिवार के साथ रामपुर क्षेत्र में कूड़ा बीनने का काम करते हैं। परिवार समेत सोमवार रात रामपुर गांव के सेहर अस्पताल के पीछे बगीचे में सो रहे थे। रात में बगीचे से जा रहे पिकअप ने सो रहे लोगों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। मौके पर बिरजू(27) पुत्र मौसम नाथ, उसकी पुत्री दिपासना (7) की मौत हो गई। वहीं सरदीप नाथ पुत्र जयनाथ और आफिसर पुत्र कैलाश नाथ घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे औद्योगिक थाना प्रभारी कुशल कांत तिवारी ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी करछना भेज कर बाप-बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि रामपुर गांव में कबाड़ का धंधा करने वाले लोगों का पिकअप वाहन था। थाना प्रभारी ने कहा कि पिकअप की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।






# मिर्जापुर, सोनभद्र



## भाजपा युवा मोर्चा ने सोनिया राहु का फुका पुतला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनभद्र के जिला उपाध्यक्ष विक्रम हिरेश द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राहुल गांधी व सोनिया गांधी का पुतला फूका। इनके द्वारा नेशनल हेराल्ड में किये गये घोटाले के विरोध में प्रदर्शन किया आज स्वर्ण जयंती चौक तक पैदल मार्च किया और और स्वर्ण जयंती चौक पर पुतला दहन किया महामंत्री रजनी ने कहा कि ईडी ने यंग इंडिया मनी लांड्रिंग केस में 15-4-2025को चार्जशीट दाखिल किया। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी है जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हमेशा देश को लुटने का काम किया है जब कांग्रेसी नेता पुरे तरह फस गये हैतो बौखला कर देश भर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत मुन्ना दुबे जिला मंत्री उत्कर्ष पाण्डेय, अतुल पाण्डेय जिला सोशल मीडिया प्रमुख राहुल श्रीवास्तव, जिला सह मिडिया रोशन सिंह,सौरभ चतुर्वेदी , जिला मंत्री विनोद पटेल , जिला मंत्री शिवम सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आगामी 21 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय पर अनूसचित जाति द्वारा डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी जिलाध्यक्ष नंदलाल के नेतृत्व में पूरी हो चुकी है। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी लोगो को इस कार्यक्रम में सहभागिता करनी है और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज कौन से राजनैतिक दल की सरकार आगे बढ़ा रही है। इस पर विस्तृत चर्चा इन समाज के बीच में करना है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली मोदी जी की सरकार ने बाबा साहब के विचारों की प्रेरणा से लगातार काम कर रही है, जिसमें शोषित वंचित दलित समाज के लोगो का उत्थान हो रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार की बहुत सारी योजनाएं जो इन समाज के लोगो को ध्यान मे रखकर बनायी गयी है। और आज उसका लाभ इन सभी लोगो को मिल रहा है। बाबा साहब ने धारा 370 का उस समय पुरजोर विरोध किया था और उन्होने यह भी कहा था कि जब देश मे भ्रष्टाचार चरम पर हो जाये तो देश की करंसी को भी समय समय पर बदलते रहना चाहिए। आज उन्ही के विचारों को मोदी जी ने पूर्ण करके दिखाया है। जिसमें बाबा साहब के विचारों का आदान प्रदान किया जायेगा।



## कानूनी टिप्स देकर महिला सिपाही कर रही जागरूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## मानवता का सार छुपा हुआ है सनातन धर्म में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** ऐसा कोई रहस्य नहीं है जिसका उत्तर सनातन ग्रंथों में न हो, मानवता का तो सार ही छुपा हुआ है सनातन धर्म में, यह कहना था यूरोप से पधारे आचार्य आंद्रे का जो ओरगाइ में किन्नर अखाड़े की कथावाचक महामंडलेश्वर हेमलता सखी जी की भागवत कथा में अपना वक्तव्य दे रहे थे, इस अवसर पर रूस और यूक्रेन से पधारी साध्वियों ने भी हिंदी और संस्कृत में अपना उद्बोधन दिया।रूस की साध्वी जूलिया ने संस्कृत श्लोकों से आदिदेव शिव की आराधना के श्लोक प्रस्तुत किए, वहीं यूक्रेन की साध्वी याना ने गुरुमहिमा के श्लोकों के साथ सनातन की महत्ता पर प्रकाश डाला, संपूर्णानंद विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रोफेसर डॉ लेखमणि त्रिपाठी ने बताया कि अफगानिस्तान में जो प्राचीन काल के जहाज का मलबा मिला है, वह किसी ईंधन से नहीं बल्कि माहेश्वर सूत्र से चलता था, क्योंकि उसमें बटन के स्थान पर वही सूत्र अंकित है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में सनातन धर्म के प्रति जो आदर और जिज्ञासा बढ़ी है, उसका यह सुखद परिणाम आपके सामने है कि विदेशी हिन्दी और संस्कृत में श्लोक बोलने के साथ साथ भारतीय परंपराओं का पालन करने में गर्व का अनुभव करते हैं।साहित्यकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति बढ़ता वैश्विक रुझान वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा के साथ भारत के विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा हेमलता सखी ने कहा कि ईश्वर के पास दुःख और परेशानी का कोई संग्रह नहीं है, यह तो व्यक्ति के कर्म स्वयं ही इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। दिनभर काशी से पधारे विद्वान पंडितों ने दिन में लोक मंगल के लिए महायज्ञ सम्पन्न कराने के बाद स्वस्ति वाचन के साथ अतिथियों और संतों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया, शिशु त्रिपाठी, अशोक चौबे, सनोज तिवारी, श्रीकांत दुबे द्वारा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया गया ।अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ साहित्यकार, किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी और आभार ज्ञापन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ मार्कण्डेय पाठक ने किया. इस अवसर पर विशाल भंडारे के साथ वृंदावन की रासलीला का भी आयोजन किया गया । भागवत कथा के संयोजक अशोक चौबे ने बताया कि यह कथा 25 अप्रैल तक चलती रहेगी, कथा के साथ दिन में महायज्ञ, शाम को कथा के बाद, भंडारा तत्पश्चात कृष्णलीला का मंचन होता है।




## एएसपी मुख्यालय ने यू0पी0-112 वाहनों की चैकिंग दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में एएसपी द्वारा यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के मुख्यालय को सलामी दी गयी जिसपर द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया। इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## पुरानी पेंशन को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्सस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा सोनभद्र द्वारा प्रांतीय निर्देशाअनुसार इकदिवासिय धरने का आयोजन जनपद अध्यक्ष सूरज बली सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सरकार द्वारा 18 माह का अ॰ अब तक भुगतान न किए जाने एवं केंद्रीय आठवी वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूर्ण करने के पूर्व ही फाइनेंसियल बिल 2025 एक कानून के रूप में बिल पास करके यह घोषणा किया जाना कि सेवानिवृत्ति पेंशनरों को जो 31 दिसंबर 2025 के पूर्व सेवनिबृत हुए हैं उनको पेंशन का पूर्निरीक्ष नहीं किया जाएगा इस प्रकार आठवी वेतन आयोग से वंचित करने का एक साजिश की जा रही है साथ ही पेंशनरों की हो रही कटौती 15 वर्ष से घटकर 10 वर्ष ही किया जाए इन्हीं सब मांगों को लेकर साथ ही साथ में एनपीएस और यूपीएस की जगह ध्इए ही लागू किया जाएत् इत्यादि सम्मिलित है आज धरना स्थल पर काफी संख्या में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्ति कार्मिक उपस्थित रहे जिसमें निर्मल शंकर श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अर्जुन प्रसाद सिंह, उदय लाल मौर्य, अवधेश सिंह, इंजीनियर राधेश्याम सिंह, रामराज राम, लक्ष्मण प्रसाद, जवाहरलाल मौर्य, रमाशंकर पांडे, साजिद अली, कलावती देवी, सूरज प्रसाद पाठक, जलधारी देवी, माद्यमिक शिक्षक से संतोष मौर्या व सुरेश कनोजिया आदि ने अपना विचार व्यक्त किया सभा के अंत में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उप जिलाधिकारी सदर उपस्थित होकर ज्ञापन प्राप्त किया एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उनको प्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया ।



## पोप फ्रान्सिस को दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को नगर के सिविल लाइन्स स्थित संत जेवियर्स कैथोलिक चर्च में कैथोलिक धर्म समाज के अगुआ धर्म गुरू पोप फ्रान्सिस (संत पापा) के निधन पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पल्लि पुरोहित फा. लैन्सी जेवियर डिकून्हा एवं सहायक पल्लि पुरोहित फा. आल्बर्ट प्रवीण लोबो की अगुआई में कैथोलिक धर्म समाज के लोगों द्वारा विशेष पूजा बलिदान विधि के माध्यम से दिवंगत पोप फ्रान्सिस के निधन पर शोक प्रकट करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि उन्हें अर्पित की गयी तथा परमेश्वर से प्रार्थना की गयी कि दिवंगत संत पापा की आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उन्हें अपने समीप विशेष स्थान दें। विशेष पूजा बलिदान की विधि पल्लि पुरोहित फा. लैन्सी जेवियर डिंकून्हा द्वारा सम्पन्न कराई गयी। पल्लि पुरोहित ने कहा कि संत पापा का कहना था कि मानवता के लिए हमेशा संवेदना रखना चाहिए और समाज के सबसे पिछडे व असहाय लोगों की सेवा करते रहना चाहिए, इसे अपने मन मस्तिष्क से कभी भी विस्मृत नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कैथोलिक धर्म प्रान्त इलाहाबाद के धर्म गुरू विशप लुईस मस्करेन्हस ने संत पापा के निधन पर धर्म प्रान्त के सभी चर्चा में नौ दिनों तक शोक मनाने की घोषणा की है और इन नौ दिनों में ही किसी दिन सर्व धर्म शोक सभा के आयोजन के लिए भी कहा है। इस अवसर पर कैनथ एरियल, शैलेश मार्टिन, ब्लैसी एरियल, श्वेता सोलोमन, जूली मारिया, धर्म बहनें किरन, सुनीता, फिलो, पौस्ता, फ्रिस्का, अर्चना,. ब्लांच के अतिरिक्त कैथोलिक धर्म समुदाय के सभी पल्लिवासी उपस्थित रहे।



## ग्राम रसपुर रेत खनन बंद करने को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत रसपुर में रेत खनन से पानी का जल स्तर नीचे जा रहा है किसानों कि भूमि बंजर हो रही है , किसानों के खेतों के मिट्टी का कटाव हो रहा है, कुंआ तालाब का भी जल स्तर बहुत नीचे चला गया है ज्ञापन सौंपते समय सरपंच शंभू कोल, उप सरपंच रामप्रेम पटेल , ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री हरि शंकर कोरी पप्पू साकेत रामनरेश पटेल, अमित पटेल, सत्यनायरण द्विवेदी, भागवत,संदीप ,धर्मेंद्र , राजकुमार सहित किसान शामिल हुए रेत खनन में उपयोग पोकलैंड मशीन से बड़ी बड़ी खाई कर दी गई है झांपर नदी में , संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व से सटी हुई है झांपर नदी , जिससे आने वाले जंगली जानवरों को जान खतरा बना रहता है ग्रामीण किसानों के मवेशियों को भी जान का खतरा बना रहता है।

## बरातियों की पिटाई, दूल्हा समेत छह लोग घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**क़छवां।** क्षेत्र के भिखारीपुर गांव में सोमवार की रात बरात में डीजे बंद कराने को लेकर घराती पक्ष के पट्टीदारों ने बरातियों की पिटाई कर दी। इसमें दूल्हा समेत छह लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शादी संपन्न कराई। दूल्हे के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वाराणसी के राजा तालाब निवासी मोहन राम राजभर ने तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे विनोद कुमार राजभर का विवाह बच्चेलाल राजभर, निवासी भिखारीपुर, थाना कछवां की बेटी सुमन के साथ तय हुआ था। सोमवार की रात वह बेटी की बरात लेकर भिखारीपुर पहुंचे। रात 11 बजे द्वार पूजा के लिए रोड लाइट, रथ के साथ बराती बच्चे लाल राजभर के घर पहुंचे। उसी समय बच्चेलाल के पट्टीदार सोनू रंजीत, गुलाब, धर्मेंद्र, लल्ला राजभर व 10 अज्ञात नाच गाना बंद करने की धमकाने लगे। इसके बाद द्वार पूजा का मार्ग बंद कर रोड लाइट का तार काट दिया, जिससे अंधेरा हो गया। बरातियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की राड से बरातियों पर हमला कर दिया। इससे दूल्हा विनोद कुमार राजभर के अलावा बरात में शामिल निवेद कुमार राजभर, अभिषेक राजभर, अंकित राजभर, आशू कुमार राजभर और सोनू राजभर गंभीर रूप से घायल हो गए। .आरोपियों ने रोड लाइट और रथ को तोड़ दिया। दूल्हा विनोद कुमार राजभर अपनी जान बचाने के लिए समधी बच्चे लाल के घर में घुस गया। विपक्षी ने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दिया। कछवां थानाध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि दूल्हे के पिता की तहरीर पर सोनू, रंजित, गुलाब, धर्मेंद्र, लल्ला और 10 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



## बारातियों से भरी पिकअप पलटने से 4 युवक की घटनास्थल पर हुई मौत 14 गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**शहडोल।** शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत करौदिया गड़ा रोड पर बारातियों से भरी पिकअप पलट जाने से 4 बारातियों की मृत्यु हो गई तथा 6 बारातियों को रीवा अस्पताल के लिए भिजवाया गया तथा 14 सामान्य रूप से घायल होने पर सिविल अस्पताल ब्यौहारी भिजवाया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीराम जी श्रीवास्तव को घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल का पहुंचे तथा चिकित्सको को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैगा परिवार के लडके की शादी की बारात सीधी जिले के बहेरा डोल के मझौली से देवलौंद के करौदिया गांव में आई हुई थी। विवाह समारोह के बाद पिकअप में सवार होकर बाराती घर के लिए वापस मझौली लौट रहे थें।

## माटीकला के हुनरमंदों को दिलाया जाएगा ऋण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत हुनरमंदों को उद्योग लगाने के लिए ऋण दिया जाएगा। खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद प्रेशर कूकर, घड़ा, सुराही, जग, कुल्हड़, गिलास, अचारदानी, कटोरी, कप प्लेट के अलावा सजावटी सामान के उद्योग लगाने के लिए इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे गए हैं।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया इस योजना के तहत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को दस लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट पर बैंक से ऋण स्वीकृत कराया जाएगा। ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया प्रोजेक्ट लागत का उद्यमी को पांच प्रतिशत अंशदान करना होगा। तथा 95 प्रतिशत बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में लाभार्थी को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑफलाइन/ऑनलाइन आवेदन कर लाभार्थी आवेदनपत्र की हार्ड कॉपी पथरहिया स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## रेल लाइन दोहरीकरण के प्रभावित किसानों को दें मुआवजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को पथरहिया स्थित आयुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। इसमें निर्माण परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण समेत अन्य मामलों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि चुनार-चोपन रेल लाइन दोहरीकरण के प्रभावित काश्तकारों को मुआवजे का भुगतान किया जाए। सोनभद्र में लोक निर्माण विभाग की कई सड़कों के निर्माण में वन भूमि पड़ रही है। साथ ही ओबरा सी ताप विद्युत परियोजना के राख बांध निर्माण परियोजना में 64 हेक्टेयर वन भूमि प्रस्तावित है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इन मामलों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सोनभद्र के सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि परियोजनाओं में पड़ने वाली भूमि के समतुल्य भूमि वन विभाग को जमीन उपलब्ध कराने के लिए लैंड बैंक का विवरण एक हफ्ते में मुख्य वन संरक्षक व संयुक्त विकास आयुक्त को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सोनभद्र में 11 राजकीय हाईस्कूल व दो जनजाति छात्रावास के निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता एक सप्ताह मे सुनिश्चित कराने को कहा। मंडलायुकत ने आम घाट क्रॉसिंग के पास समपार संख्या तीन पर रेल ओवरब्रिज और छानबे ब्लॉक में रामपुर घाट पर गंगा में पक्के पुल के निर्माण में प्रभावित कास्तकारों को मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया। उन्होंने भदोही जिले के प्रभावित कास्तकारों की अंश निर्धारण सूची तीन दिन में परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को उपलब्ध कराने को कहा। एनएच 135 ए पर फोरलेन बाईपास और गंगा नदी पर सेतु परियोजना पर धनराशि का प्रतिकर भुगतान जल्द करने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, एडीएम न्यायिक भदोही, एसडीएम सदर, एसडीएम ओबरा, दुद्धी, घोरावल, प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर आदि थे।

## नए भवन में शिफ्ट होंगे ईएनटी, त्वचा, नेत्र और मानसिक रोग विभाग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मंडलीय अस्पताल में संचालित नेत्र, ईएनटी, चर्म व मानसिक रोग विभाग अब सिविल लाइन में बने भैरो प्रसाद नेत्र चिकित्सालय में शिफ्ट किए जाएंगे। 25 अप्रैल तक नया भवन मेडिकल कॉलेज को हैंडओवर हो जाएगा। इसके बाद मंडलीय अस्पताल के चारों विभाग नए भवन में संचालित होंगे।मिर्जापुर। मंडलीय अस्पताल में संचालित नेत्र, ईएनटी, चर्म व मानसिक रोग विभाग अब सिविल लाइन में बने भैरो प्रसाद नेत्र चिकित्सालय में शिफ्ट किए जाएंगे। 25 अप्रैल तक नया भवन मेडिकल कॉलेज को हैंडओवर हो जाएगा। इसके बाद मंडलीय अस्पताल के चारों विभाग नए भवन में संचालित होंगे।मंडलीय अस्पताल में संचालित ईएनटी व नेत्र विभाग नए भवन में स्थानांतरित किए जाएंगे। इसे देखते हुए दोनों विभागों के ऑपरेशन थियेटर 22 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। आपरेशन थियेटर बंद होने से मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। नौ दिनों तक आपरेशन थियेटर बंद रहेगा। इससे पहले पूरा का पूरा जिला महिला अस्पताल स्थानांतरित हुआ तो एक भी दिन के लिए कोई समस्या नहीं आई, पर दो विभाग के आपरेशन थियेटर को नौ दिनों के लिए बंद कर दिया जा रहा है। मंडलीय अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि नए भवन में सामान शिफ्ट किया जा रहा है तो समस्या आ रही है। 22 से 30 अप्रैल तक ईएनटी और आंख की ओटी बंद रहेगी। अगर कोई इमरजेंसी केस आएगा तो अन्य ओटी में आपरेशन किया जाएगा। बाकी जिस आपरेशन को रोका जा सकता है। उसी को रोका जाएगा। एक ही अस्पताल में सारे विभाग होने से मरीज को सहुलियत होती थी। मानसिक, नेत्र या अन्य विभाग के डाक्टर फिजिशीयन आदि अन्य डाक्टर की सलाह के लिए भेजते थे तो मरीज उसी भवन में दूसरे डाक्टर के पास चला जाता था, पर अब दूरी अधिक होगी तो मरीजों की परेशानी बढ़ेगी। खासतौर पर बुजुर्ग मरीजों को सबसे अधिक समस्या होगी।




## बकाया गृहकर और जलकर जमा करने पर मिलेगी 10 फीसदी छूट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** नगर पालिका परिषद ने गृहकर और जलकर की बकाया धनराशि जमा करने पर छूट देने की घोषणा की है। कहा गया है कि जो नागरिक तय समय में अपना गृहकर और जलकर जमा कर देंगे, उनको 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।निर्धारित तिथि के बाद 10 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई जाएगी। गृहकर और जलकर के रूप में नगर पालिका का चार करोड़ रुपये बकाया है। नगर में 40 हजार घरों से नगर पालिका गृहकर और जलकर की वसूली करती है। इस समय चार करोड़ रुपये गृहकर और जलकर बकाया है। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर पालिका ने निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत वसूली की थी। इस वित्तीय वर्ष में 30 जून तक तक यदि कोई नागरिक गृहकर व जलकर जमा करता है, तो उसे पूरी धनराशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद 10 प्रतिशत की पेनाल्टी लगाई जाएगी। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में चार सौ से लेकर 2000 तक गृहकर व जलकर निर्धारित है। इसलिए आमतौर पर लोग जमा कर देते हैं लेकिन समय से जमा करने को लेकर समस्या रहती है। इसलिए यह छूट दी जा रही है। नगर पालिका परिषद के कर निर्धारण अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि कर समाहर्ता घर-घर जाकर भी जमा कर रहे हैं। शिविर भी लगाए गए हैं, नगर पालिका कार्यालय में गृहकर जलकर जमा किया जा सकता है। इसके अलावा नगर पालिका के एप के माध्यम से बकाया बिल जमा कर सकते हैं।



# स्पोर्ट्स







## केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि, डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा; दिल्ली की जीत में चमके


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में और शिखर धवन 168 पारियों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। राहुल आईपीएल इतिहास में आठवें बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस



पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। राहुल ने लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। वॉर्नर ने 135 पारियों में आईपीएल में 5000 रन पूरे किए थे। वॉर्नर ने 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि नाम दर्ज की थी। इस सूची में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 157 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि एबी डिविलियर्स 161 टूर्नामेंट में 5000 रन बनाए हैं। राहुल के अलावा कोहली, रोहित शर्मा, धवन, वॉर्नर, सुरेश रैना, महेंद्रि सिंह धोनी और डिविलियर्स ऐसा कर चुके हैं। मैच की बात करें तो दिल्ली ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। दिल्ली की आठ मैच में यह छठी जीत है। यह पांचवीं बार है जब किसी सीजन दिल्ली ने शुरुआती आठ में से छह मुकाबले जीते हैं। दिल्ली ने आईपीएल 2025 से पहले 2009, 2012, 2020 और 2021 सीजन में भी शुरुआती आठ में से छह मैच जीते थे। दिलचस्प बात यह है कि जब भी दिल्ली ने ऐसा किया है वो प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही है। इस जीत के साथ ही दिल्ली के 12 अंक हो गए हैं और वह गुजरात टाइटंस के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

## केकेआर के मेंटर ब्रावो ने माना, टीम के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केकेआर के लिए उसकी बल्लेबाजी चिंता का विषय है और अब टीम के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ है।



गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। केकेआर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी हार मिली जो इस सीजन उसकी लगातार दूसरी हार है। केकेआर के लिए उसकी बल्लेबाजी चिंता का विषय है और अब टीम के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ है। केकेआर पंजाब किंग्स के खिलाफ 112 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी थी और इसके अगले मैच में भी टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ 199 रनों का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी। केकेआर के लिए उसकी सलामी जोड़ी भी चिंता का विषय है जो लगातार टीम को बड़ी शुरुआत नहीं दिला पा रही है। केकेआर ने गुजरात के खिलाफ टीम में दो बदलाव किए और क्विंटन डिकॉक की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज और मोईन अली को मौका दिया। गुरबाज और नरेन ने पारी की शुरुआत की, लेकिन वे मजबूत साझेदारी नहीं कर सके। ब्रावो ने कहा, आईपीएल एक कड़ा टूर्नामेंट है और जब आप अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है। इस समय यही हो रहा है। इसलिए जैसा कि मैंने कहा, हमें बस उनका समर्थन करते रहना होगा और उम्मीद है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारे बल्लेबाजों में अभी आत्मविश्वास की कमी है जिसके कारण वह रन नहीं बना पा रहे हैं। अच्छी फॉर्म आत्मविश्वास लाती है। ईमानदारी से कहें तो इस समय हमारे पास वह आत्मविश्वास नहीं है।

## दिल्ली के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ाने के बाद जहीर से चर्चा करते दिखे पंत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पंत बल्लेबाजी के लिए उस वक्त उतरे जब लखनऊ की गेंद पर बोल्ड किया। लखनऊ की पारी समाप्त होने के बाद ड्रेसिंग रूम में निराश नजर आए। सबसे प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की। पंत इस बात से काफी गुस्से में थे और ड्रेसिंग



पारी समाप्त होने में दो गेंद शेष थी। पंत इस मैच में भले ही दो गेंद खेलने उतरे, लेकिन खाता भी नहीं खोल सके और उन्हें मुकेश ने पारी की अंतिम गेंद पर बोल्ड किया। लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत टीम के मेंटर जहीर खान के साथ तीखी बहस करते नजर आए। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन सलामी जोड़ी के पवेलियन लौटने के बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई। पंत इस मैच में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। ऐसा लग रहा था कि वह जहीर के साथ बल्लेबाजी स्थान को लेकर बहस कर रहे हैं। लखनऊ ने दिल्ली के सामने 160 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे दिल्ली ने आठ विकेट शेष रहते ही हासिल कर लिया था। पंत बल्लेबाजी के लिए उस वक्त उतरे जब लखनऊ की पारी समाप्त होने में दो गेंद शेष थी। पंत इस मैच में भले ही दो गेंद खेलने उतरे, लेकिन खाता भी नहीं खोल सके और उन्हें मुकेश ने पारी की अंतिम ज्यादा हैरानी की बात पंत का निचले क्रम पर उतरना रहा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सातवें नंबर पर उतरने का फैसला पंत का था या टीम प्रबंधन ने उन्हें देर से उतरने कहा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्श और मार्करम ने लखनऊ को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। मार्करम ने इस दौरान 30 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जो उनका इस सीजन चौथा पचासा है। दुशमंता चमीरा ने हालांकि, मार्करम को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्करम के आउट होते ही लखनऊ की पारी लड़खड़ा गई और उसने 23 रन के अंतराल पर चार विकेट गंवा दिए। लखनऊ की स्थिति खराब दिख रही थी, लेकिन पंत क्रीज पर नहीं उतरे। प्रशंसकों की इस बात से हैरानी हुई कि जब टीम को पंत की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब वह क्यों नहीं उतरे। पंत को अंतिम ओवर में जाकर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पंत के इतनी ऊपरी क्रम पर उतरने से रूम में उन्हें जहीर खान के साथ तीखी बहस करते भी देखा गया। यह तीसरी बार है जब पंत आईपीएल में सातवें स्थान पर उतरे थे। इससे पहले वह 2016 में दो बार इस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। निकोलस पूरन के आउट होने के बाद माना जा रहा था कि पंत बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे, लेकिन लखनऊ ने उनकी जगह डेविड मिलर को उतारा। पारी खत्म होने के बाद जिस तरह पंत टीम प्रबंधन से बहस करते नजर आए, उससे इस बात की अटकलें लगाई जा रही है कि वह इस फैसले से खुश नहीं थे। पंत को लखनऊ ने मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह अब उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। पंत ने इस सीजन अब तक नौ पारियों में 96.36 के स्ट्राइक रेट और 13.25 के औसत से 106 रन बनाए हैं। पंत के बल्ले से इस दौरान अब तक एक अर्धशतक निकला है।

## गुजरात-कोलकाता के मैच में कमेंट्री करते नहीं दिखे हर्षा भोगले-साइमन डूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच ईडन गार्डेंस में मैच में कमेंट्री नहीं करने पर हर्षा भोगले ने कहा कि यह मेरे रोस्टर में नहीं था। ईडन गार्डेंस की पिच को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। हालांकि, किसी अधिकारी द्वारा



इस मामले पर अब तक टिप्पणी नहीं की गई है। आईपीएल 2025 में ईडन गार्डेंस की पिच को लेकर विवाद बढ़ गया है। कमेंटेटर हर्षा भोगले और साइमन डूल द्वारा पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी की आलोचना के बाद बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने एक्शन लिया। उन्होंने बीसीसीआई को इसकी शिकायत की और केकेआर के घरेलू मैचों में उनसे कमेंट्री नहीं करवाने को कहा। इसी कड़ी में सोमवार को केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले के दौरान दोनों अंग्रेजी कमेंट्री पैनल में मौजूद नहीं रहा। अब इस मामले पर हर्षा भोगले का बयान सामने आया है। भोगले ने उन अटकलों को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें सीएबी की शिकायत के कारण केकेआर-जीटी मैच से दूर रखा गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें कोलकाता में केवल दो मैचों के लिए पैनल में शामिल किया गया था, जो खत्म हो चुके हैं।डूल और भोगले द्वारा ईडन गार्डेंस के पिच क्यूरेटर की सार्वजनिक आलोचना पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) कड़ी आपत्ति जताई थी। सीएबी ने साथ ही दोनों क्रिकेट विशेषज्ञों की बीसीसीआई से शिकायत करते हुए बोर्ड से अनुरोध किया था कि इन दोनों को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के घरेलू मैचों के लिए कमेंट्री की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाए। दिलचस्प बात यह है कि सोमवार को केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मैच के दौरान न तो भोगले और न ही डूल कमेंट्री पर थे।

## पहलगाम आतंकी हमले पर खेल जगत में भी आक्रोश, गौतम गंभीर बोले- भारत करेगा पलटवार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है।एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी



मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। इस घटना पर खेल जगत ने भी रोष जताया है। खेल जगत के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इस घटना से काफी क्रोधित हुए और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत इस कायरतापूर्ण का जवाब देगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी और दो स्थानीय निवासी हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को 'हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा' हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। इसी समय जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और ट्रैकिंग का मौसम जोर पकड़ रहा है। इस हमले को लेकर जहां देशभर में आक्रोश है तो वहीं खेल जगत के लोगों ने भी अपना रोष जताया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गंभीर ने एक्स पर लिखा, मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जोरदार पलटवार करेगा।भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से मन व्यथित है। मैं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत अपनी बहादुर सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट है। न्याय की जीत होगी। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए निंदनीय आतंकवादी हमले की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदना उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं।' शिखर धवन ने लिखा, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। न्याय अवश्य मिलेगा।

## इंग्लैंड दौरे के लिए रोहित शर्मा का जाना लगभग तय, साई सुदर्शन पर रखी जा रही नजर; सामने आई जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 17 सदस्यीय टीम भेजी थी, लेकिन इंग्लैंड दौरे पर



15 या 16 सदस्यीय टीम ही जाएगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ जून में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित फिट हैं और न्यूजीलैंड तथा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम की कमान संभालना जारी रखेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान मई के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा। पीटीआई की रिपोर्ट की मानें तो मध्यक्रम के दो स्थानों के लिए कम से कम छह दावेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 17 सदस्यीय टीम भेजी थी, लेकिन इंग्लैंड दौरे पर 15 या 16 सदस्यीय टीम ही जाएगी। इस दौरे के समय भारत की ए टीम भी इंग्लैंड में रहेगी और ऐसे में मुख्य टीम की जरूरत के मुताबिक ए टीम के खिलाड़ी को बुलाया जा सकता है। माना जा रहा है कि भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव किए जा सकते हैं क्योंकि कई खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने घरेलू टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। करुण नायर जिन्होंने वनडे और टेस्ट प्रारूप दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें इंडिया-ए टीम में मौका मिल सकता है। अगर सभी लोग फिट रहे तो रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल और विराट कोहली का चयन आराम से होगा। ऑलराउंडर के लिए फिलहाल पहली पसंद नीतीश कुमार रेड्डी ही हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए अभी टीम तय नहीं है, लेकिन कम से कम छह खिलाड़ी ऐसे हैं जिन पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इनमें से दो नहीं तो एक को सीनियर टीम में जगह मिल सकती है, जबकि बाकी निश्चित रूप से उसी समय इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ होने वाली भारत ए सीरीज का हिस्सा होंगे।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## पांचवीं बार दिल्ली कैपिटल्स ने पहले आठ में से छह मैच जीते, राहुल ने सबसे तेजी से पूरे किए 5000 रन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस जीत के साथ ही दिल्ली के 12 अंक हो गए हैं और वह गुजरात टाइटंस के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। दिल्ली और गुजरात के एक समान अंक है, लेकिन टाइटंस नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर बना हुआ है। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली की आठ मैच में यह छठी जीत है। यह पांचवीं बार है जब किसी सीजन दिल्ली ने शुरुआती आठ में से छह मुकाबले जीते हैं। दिल्ली ने आईपीएल 2025 से पहले 2009, 2012, 2020 और 2021 सीजन में भी शुरुआती आठ में से छह मैच जीते थे। दिलचस्प बात यह है कि जब भी दिल्ली ने ऐसा किया है वो प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही है। इस जीत के साथ ही दिल्ली के 12 अंक हो गए हैं और वह गुजरात टाइटंस के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। दिल्ली और गुजरात के एक समान अंक है, लेकिन टाइटंस नेट



रन रेट के आधार पर शीर्ष पर बना हुआ है। दूसरी ओर, लखनऊ की नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ 10 अंक हैं और वह तालिका में पांचवें स्थान पर है। केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। वॉर्नर ने 135 पारियों में आईपीएल में 5000 रन पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 157 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि एबी डिविलियर्स 161 और शिखर धवन 168 पारियों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को करुण नायर के रूप में पहला झटका लगा जो नौ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राहुल और पोरेल ने दिल्ली की पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। इस दौरान पोरेल ने इस सीजन का अपना पहला अर्धशतक जड़ा। हालांकि, पचासा लगाने के बाद वह ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और मार्करम ने डेविड मिलर के हाथों कैच कराकर उन्हें पवेलियन भेजा। पोरेल ने 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की पारी खेली।

# सम्पादकीय

## इस टकराव का अंजाम क्या होगा

तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के इस मामले में सरकार तो सीधे तौर पर कुछ नहीं कह रही है, लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यसभा के सभापति भी हैं, ने तो सीधा सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट सुपर संसद की तरह काम न करे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को सम्बन्धित राज्यपालों द्वारा अनंत काल तक रोक कर 'पॅकेट वीटो' करने की प्रवृत्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने जो निर्णय दिया है, उससे विधायिका में भारी कसमसाहट है। सत्तापक्ष का मानना है कि यह कार्यपालिका के क्षेत्र में न्यायपालिका का अनावश्यक हस्तक्षेप है।अदालतें कार्यपालिका प्रमुखों जैसे राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देशित कैसे कर सकती हैं। दूसरी तरफ न्यायपालिका का मानना है कि यदि कार्यपालिक प्रमुख अपने संवैधानिक दायित्वों की व्याख्या मनमाने और सियासी गुणा भाग के हिसाब से करेंगे तो न्यायपालिका को न्यायदंड अपने हाथ में लेना ही पड़ेगा।तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के इस मामले में सरकार तो सीधे तौर पर कुछ नहीं कह रही है, लेकिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यसभा के सभापति भी हैं, ने तो सीधा सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट सुपर संसद की तरह काम न करे। हालांकि, उपराष्ट्रपति के इस तेवर पर भी विधि विशेषज्ञ दो खेमों में बंट गए हैं, एक इस पर आपत्ति जता रहा है तो दूसरा इसे 'साहसिक' बता रहा है। तो क्या अब संविधान के दो मूलभूत अंग न्यायपालिका और कार्यपालिका ही एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं? क्या यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए सुखकर है? क्या इस सैद्धांतिक द्वंद्व का कोई सकारात्मक नतीजा निकलेगा या फिर एक दूसरे की मुश्कें कसने की पूर्वपीठिका तैयार की जा रही है? अगर ऐसा है तो यह लोकतंत्र के लिए घातक है। क्योंकि वैचारिक द्वंद्व होना अलग बात है और अधिकारों का अतिक्रमण और मर्यादा का सीमांकन की जिद होना दूसरी बात। इस द्वंद्व कार्यपालिका, विधायिका से समर्थन चाहेगी, जो हो भी रहा है। क्योंकि स्वतंत्र और प्रभावी न्यायपालिका ( जो आज खुद सवालों के घेरे में है) अक्सर कार्यपालिका के कान उमेठती रहती हैं और कभी कभार विधायिका को भी निर्देशित करती है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल रवि के मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी की समय सीमा 3 माह तय कर दी। कोर्ट ने कहा कि यदि इस समयावधि में राज्यपाल विधेयक पर कोई फैसला नहीं लेते हैं तो उन्हें स्वतः कानून माना जाए। लिहाजा तमिलनाडु में ऐसे 10 विधेयक बिना राज्यपाल के हस्ताक्षर के कानून बन चुके हैं। यह अभूतपूर्व स्थिति है। यही नहीं न्यायपालिका ने राज्यपालों के साथ साथ राष्ट्रपति द्वारा भी किसी विधेयक पर मंजूरी की समयावधि तीन माह तय कर दी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.बी.पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ द्वारा दिए गए इन फैसलों को एक वर्ग न्यायपालिका द्वारा अपनी मर्यादा के उल्लंघन के रूप में देख रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग इसे न्यायपालिका की सक्रियता और निर्भीकता का प्रमाण मान रहा है। इस दूसरे वर्ग का मानना है कि अब लोकतंत्र बचने की आस केवल न्यायपालिका से ही है, क्योंकि बाकी दूसरी लोकतांत्रिक संस्थाओं ने सत्तातंत्र की दबंगई के आगे घुटने टेक दिए हैं। जबकि, सत्तातंत्र जिसमें विधायिका के साथ साथ कार्यपालिका भी शामिल है, इसे अपने अस्तित्व और वैधता पर न्यायपालिका का स्पष्ट अतिक्रमण मान रही है, जोकि पूरी तरह अस्वीकार्य है। सर्वोच्च अदालत से इस फैसले से सरकार विचलित है।बताया जाता है कि वह जल्द ही इस फैसले पर सुधार याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगी। लेकिन यदि कोर्ट ने अपना फैसला कायम रखा तो क्या सरकार उसे खारिज करने क्या सरकार नया कानून संसद से पास कराएगी? यूं यह कानूनी और संवैधानिक बहस का मुद्दा है कि भारतीय लोकतंत्र के आधारभूत तत्वों की लक्ष्मण रेखाएं कहां तक हैं? कहां उनका अतिक्रमण होता है और कहां वो शीलभंग के दायरे में हैं? अगर ऐसा हो रहा है तो उसे कैसे रोका जाए? खास कर उस दौर में जहां न्यायपालिका भी संदेह के घेरे में हो, विधायिका और कार्यपालिका खुद को सर्वेसर्वा मानने लगे। भारतीय संविधान मूल रूप से तीन पहियों की गाड़ी पर चलता है। ये हैं, विधायिका, जो देश के लिए कानून बनाती है।

# एक गंभीर चूक और चेतावनी भी


यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है, स्थानीय युवाओं की भर्ती में भारी गिरावट आई है, और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की



ओर है। जम्मू-कश्मीर के सुंदरतम पर्यटन स्थलों में से एक, पहलगाम में हुआ हालिया आतंकी हमला एक बार फिर यह स्पष्ट कर गया कि घाटी में शांति और सामान्य स्थिति लौटने के दावों में अब भी गहरे सुराख हैं। अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बीच जब घाटी में पर्यटकों की आमद तेज हो रही थी और प्रशासन इसे "नया कश्मीर" के रूप में प्रस्तुत कर रहा था, तभी आतंक के साये ने बटकोट इलाके में एक पर्यटक वाहन को अपना निशाना बना लिया।इस हमले में कम से कम दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हमला न केवल खौफनाक था, बल्कि सुरक्षा तंत्र की उन कमजोर परतों को भी उजागर करता है ।यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है, स्थानीय युवाओं की भर्ती में भारी गिरावट आई है, और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन यदि यह स्थिति वास्तव में इतनी बेहतर थी, तो पहलगाम जैसे सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्र में आतंकवादी कैसे खुलेआम गोलियां बरसाकर फरार हो गए यह प्रश्न इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह इलाका न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अमरनाथ यात्रा का प्रमुख आधार स्थल भी है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं।सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न होना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना, और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है।यह हमला पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने सीआरपीएफ काफिले पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। यद्यपि इसके जवाब में भारत ने भी बालाकोट में हवाई हमले किए थे। इसके बाद घाटी और आसपास के क्षेत्रों में कई बड़े हमले हुए: उरी अटैक (18 सितंबर 2016): सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर जैश का हमला, 19 सैनिक शहीद। गांदरबल हमला (20 अक्टूबर 2024): निर्माण स्थल पर हमला, 7 मजदूरों और एक डॉक्टर की मौत। रियासी हमला (9 जून 2024): तीर्थयात्रियों की बस पर हमला, 9 श्रद्धालु मारे गए, 33 घायल। कठुआ अटैक (8 जुलाई 2024): सेना के वाहनों पर ग्रेनेड हमला, 5 जवान शहीद, 5 घायल। डोडा मुठभेड़ (15 जुलाई 2024): डेसा जंगल में मुठभेड़, 4 सैनिक और 1 पुलिसकर्मी शहीद। गुलमर्ग हमला (24 अक्टूबर 2024): सेना के वाहन पर हमला, 2 सैनिक और 2 नागरिक (पोर्टर) मारे गए। उधमपुर अटैक (16 सितंबर 2015): बीएसएफ काफिले पर हमला, 2 जवान शहीद, 11 घायल, एक आतंकी नावेद जिंदा पकड़ा गया।इन घटनाओं की पुनरावृत्ति यह बताती है कि हम किसी भ्रम में नहीं रह सकते। आतंक का चेहरा भले ही बदल जाए, उसकी प्रवृत्ति और उद्देश्य अब भी वही हैं- अस्थिरता फैलाना और भय के वातावरण को बनाए रखना। हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से लेकर 2024 के बीच 750 से अधिक आतंकी घटनाएं हुई हैं। 2023 में ही करीब 100 मुठभेड़ें दर्ज की गईं, जिनमें 72 आतंकवादी मारे गए, जिनमें 25 विदेशी आतंकी भी शामिल थे। हालांकि आंकड़ों में गिरावट अवश्य दर्ज की गई है, लेकिन यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि खतरा टल गया है। 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर हुआ हमला, 2000 में पहलगाम में ही हुआ बड़ा हमला और अब 2025 में फिर उसी इलाके में आतंकवाद की वापसी यह स्पष्ट कर देती है कि खतरा न केवल मौजूद है बल्कि समय के साथ रूप और तरीका बदल रहा है।इस घटना की गूंज केवल कश्मीर तक सीमित नहीं है। यह सवाल पूरे देश में गूंजना चाहिए कि क्या हम आतंकी खतरे को लेकर एक बार फिर से लापरवाह हो गए हैं? इसकी तुलना यदि हम नक्सलवाद के मोर्चे से करें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। कई वर्षों से यह दावा किया जा रहा है कि नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। लेकिन बीते सालों में सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में हुए हमलों में दर्जनों जवान शहीद हुए। 2023 में ही 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या आतंक और उग्रवाद वास्तव में समाप्त हो रहे हैं या फिर हम आंकड़ों और भ्रम के चक्रव्यूह में फंस गए हैं?हमारी सबसे बड़ी विफलता यही है कि हम हर आतंकी हमले के बाद ही सक्रिय होते हैं। पहले हम चुप रहते हैं, फिर हमला होता है, उसके बाद मुठभेड़, समीक्षा बैठकें, हाई लेवल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और फिर वही ढर्रा। अगर हम इन घटनाओं को केवल 'एक्सेप्शन' मानकर चलते रहेंगे, तो फिर यह 'एक्सेप्शन' ही नया नॉर्म बन जाएगा। सुरक्षा को केवल सेना और पुलिस की जिम्मेदारी मान लेना भी एक बड़ी भूल है। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें खुफिया प्रणाली की जवाबदेही, स्थानीय नागरिकों की भागीदारी, राजनीतिक संवाद, और डिजिटल निगरानी तंत्र की मजबूती शामिल हो।घाटी के हालात तब तक नहीं सुधर सकते जब तक वहां राजनीतिक निर्वात बना रहेगा। स्थानीय नेतृत्व की भागीदारी और विश्वास बहाली के बिना आतंकवाद से लड़ाई एकतरफा रह जाएगी। यह आवश्यक है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं फिर से सक्रिय हों, जनता की आकांक्षाएं सुनी जाएं और आतंकवादियों के प्रचार को चुनौती दी जाए। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जरिए चल रहे कट्टरपंथी विचारों को काउंटर करने की रणनीति विकसित करनी होगी। पहलगाम का हमला इस बात की गवाही देता है कि आतंकवाद ने भले ही अपना रूप बदला हो, लेकिन उसकी मौजूदगी अब भी उतनी ही खतरनाक है। इस हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का प्रतीक हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले समय में आतंकवाद और भी अधिक भयावह रूप में लौट सकता है। यह वक्त बयान देने का नहीं, बल्कि सख्त आत्ममंथन और निर्णायक कार्रवाई का है।

# क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है

पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को, दोनों को तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है। क्या सुप्रीम कोर्ट को विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप करना चाहिए और विधायिका को बेहद विवादास्पद मुद्दे थे, लेकिन उन्होंने नियम बनाया। न्यायाधीशों की नियुक्ति अनुच्छेद 124 के तहत की जाएगी। इसके लिए परामर्श बोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा।उस समय अनुच्छेद 124 को लेकर डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने महत्वपूर्ण बात की थी। उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि मुख्य न्यायाधीश को न्यायाधीशों की नियुक्ति पर व्यावहारिक रूप से वीटो देने का अधिकार, वास्तव में मुख्य न्यायाधीश को अधिकार हस्तांतरित



सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्षेत्र में बाधा पहुंचानी चाहिए? यह प्रश्न इसलिए उठ रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। दरअसल, पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को, दोनों को तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है।क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बातें कहीं, वह विचार योग्य हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बहुत विवेकशील थे। वे राष्ट्र कल्याण में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने तीन साल से भी कम समय में 18 सत्रों तक चर्चा की। कोई टकराव नहीं हुआ। कोई गड़बड़ी नहीं हुई। कोई व्यवधान नहीं हुआ। संवाद हुआ, बहस हुए, चर्चा हुई और विचार विमर्श हुआ। उनके पास करना है, जिसे हम राष्ट्रपति या तत्कालीन सरकार में निहित करने को तैयार नहीं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह भी एक आपत्तिजनक प्रस्ताव है। धनखड़ ने कहा कि इसके बावजूद वर्ष 1993 में दूसरे न्यायाधीश के मामले में न्यायालय ने परामर्श की व्यवस्था सहमति के रूप में की। धनखड़ ने पूछा, क्या ऐसा किया जा सकता है उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यह भी कहा कि संसद केवल कानून बना सकती है और कार्यपालिका एवं न्यायपालिका सहित अन्य संस्थाओं को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन निर्णय लिखना, न्याय करना न्यायपालिका का ही विशेषाधिकार है, जैसे कानून बनाना संसद का काम है।क्या हम नहीं पाते कि इस स्थिति को चुनौती दी जा रही है? कार्यकारी शासन न्यायिक आदेशों द्वारा हो रहा है। जब सरकार लोगों द्वारा चुनी जाती है तो सरकार संसद के प्रति जवाबदेह होती है। सरकार चुनाव में लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह कहना बिल्कुल उचित प्रतीत होता है कि संसद में आप सवाल पूछ सकते हैं, आलोचनात्मक सवाल पूछ सकते हैं, क्योंकि शासन कार्यपालिका द्वारा होता है, लेकिन अगर न्यायपालिका कार्यपालिका द्वारा शासन करती है।

# भारत-अमेरिका संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं पहली हिंदू सेकेंड लेडी उषा वेंस

अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी आत्मकथा 'हिलबिली एलिजी : ए मैमोरी ऑफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में पत्नी उषा वेंस को अपनी आध्यात्मिक मार्गदर्शिका बताया। यह तो सभी



जानते हैं कि उषा वेंस की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, लेकिन उनके व्यक्तित्व के विषय में बहुत अधिक जानकारी भारतीयों को नहीं है।अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस इन दिनों अपने पति और तीनों बच्चों के साथ भारत दौरे पर हैं। उषा एक सफल वकील हैं और हिंदू महिला के रूप में पहली अमेरिकन सेकंड लेडी भी बनी हैं। उनकी भारतीय संस्कृति में गहरी आस्था है और वो हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं।उषा वेंस का परिवार मूलरूप से आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। उनके पिता कृष्णा चिलुकुरी आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद 1980 के दशक में अमेरिका चले गए थे। जहां वो सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हो गए। उनकी मां लक्ष्मी चिलुकुरी भी मॉलिक्यूलर बॉयोलॉजी की प्रोफेसर रही हैं। उषा के दादा राम शास्त्री चिलुकुरी आईआईटी मद्रास में भौतिक विज्ञान के पहले विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके नाम से आईआईटी मद्रास में छात्र पुरस्कार दिया जाता है। उषा वेंस के ब्राह्मण परिवार की जड़ें आंध्र प्रदेश के वड्डुरु गांव से जुड़ी हैं, जहां उनके पूर्वज संस्कृत के विद्वान थे। उषा वेंस की दादी चिलुकुरी संथम्मा आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के निजी विश्वविद्यालय में फिजिक्स पढ़ा चुकी हैं और उन्होंने भगवत गीता की अंग्रेजी व्याख्या लिखी है। उषा वेंस का पूरा परिवार भारतीय संस्कृति और शिक्षा के प्रति गहरी श्रद्धा रखता है।6 जनवरी 1986 को कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में जन्मी उषा वेंस ने इतिहास में स्नातक और दर्शनशास्त्र में एम.फिल किया है। उन्होंने येल लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री प्राप्त की। उषा ने येल-चाइना टीचिंग फेलो के रूप में चीन के ग्वांगझू में सन येत सेन यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी और अमेरिकी इतिहास पढ़ाया है। उषा की जेडी वेंस से मुलाकात येल लॉ स्कूल में हुई थी और दोनों ने वर्ष 2014 में भारतीय परंपराओं के अनुसार हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की। उनके तीन बच्चे दो बेटे इवान और विवेक व बेटी मीराबेल रोज है। जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति बनने के सफर में उषा का बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2024 के रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में उषा ने ही पति का परिचय दिया था और उनके कठिन बचपन तथा संघर्षों के विषय में बताया था। अपने पति के राजनीतिक करियर में उषा ने न केवल व्यक्तिगत, बल्कि मानसिक समर्थन भी दिया है। सार्वजनिक मंचों पर जेडी वेंस के अभियानों को मजबूती दी है। उषा वेंस का फैशन सेंस भी दुनियाभर में चर्चा का विषय रहा है। उषा को उनके परिष्कृत और आत्मविश्वास से भरे लुक के लिए सराहा जाता है। एक समारोह में उन्होंने गुलाबी रंग की कोट ड्रेस पहनी थी, जो सोशल मीडिया और मीडिया में चर्चा का विषय बना था। भारत-अमेरिका संबंधों में उषा वेंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वो भारतीय संस्कारों और हिंदू रीति-रिवाज को मानती हैं। शाकाहारी उषा वेंस की प्रेरणा से जेडी वेंस भी शाकाहार को अपनाने की ओर बढ़ चले हैं। भारत की बेटी उषा वेंस पर सभी भारतीयों को गर्व है। भारत के पक्ष को उषा वेंस अमेरिका में मजबूती से रखेंगी, यही उम्मीद सभी भारतीय करते हैं।

# जीवन, जमीन और जल पर बढ़ता संकट

गर्मियों की दस्तक के साथ ही भारत सहित दुनिया भर में, जंगलों में लगने वाली आग (वाइल्डफायर) एक गंभीर समस्या बन कर उभरने लगी है त् जंगल की आग पहले केवल मौसमी आपदा मानी जाती थी, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण यह अधिक तीव्र और विनाशकारी होती जा रही है। इस आग को प्राकृतिक और मानवजनित कारणों में वर्गीकृत किया जाता है, और इन कारणों को समझना रोकथाम के लिए बेहद जरूरी है। सूखे पर्णपाती, चौड़े पत्तों वाले वन विशेष रूप से आग की चपेट में आते हैं, खासकर प्री-मानसून के शुष्क मौसम में।डेटा के अनुसार, मध्य और पूर्व-मध्य भारत में जंगल की आग की घटनाएं अधिक पाई गई हैं, जबकि हिमालय के चिर पाइन वन भी इस खतरे के प्रति अत्याधिक संवेदनशील हैं।जहां एक ओर आग की लपटें पेड़ों और वन्यजीवों को निगल जाती हैं, वहीं दूसरी ओर इसका असर उन लोगों पर भी होता है जो जंगलों से आजीविका पाते हैं या उसके पास रहते हैं। आग की राख और विषैले तत्व जलस्रोतों को दूषित कर देते हैं, जिससे जलजीवों और लाखों लोगों की पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ता है।सरकारी आंकड़ों और शोध के अनुसार, भारत में लगने वाली लगभग 95ज्ञ् जंगल की आग मानव गतिविधियों के कारण होती है। खेतों की सफाई के लिए आग लगाना, जानबूझकर या लापरवाही से जलती बीड़ी या माचिस फेंकना, या कभी-कभी अवैध रूप से लकड़ी और जंगल उत्पादों को निकालने के लिए आग लगा देना ये सभी इसके प्रमुख कारण हैं।2019 में भारत में 30,000 से अधिक जंगल की आग की घटनाएं दर्ज की गईं। ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के हिस्से हर साल इस संकट का सामना करते हैं, खासकर वहां जहां सूखे पर्णपाती (ड्राई डेसिडुअस) जंगल अधिक हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वर्ष 2001 से 2023 के बीच जंगल की आग के कारण लगभग 16.5 लाख हेक्टेयर वनक्षेत्र खो दिया। वैश्विक स्तर पर भारत, 215 देशों में 45वें स्थान पर है जहां वनों की क्षति जंगल की आग के कारण सबसे अधिक हुई है। जंगलों में आग लगने से सबसे



पहले प्रभावित होती है मिट्टी। जलने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, और उसमें मौजूद सूक्ष्म जीव मर जाते हैं। इसके अलावा, बार-बार लगने वाली आग से मिट्टी की ऊपरी परत (टॉपसॉइल) हट जाती है, जिससे जमीन बंजर हो जाती है। इसके साथ ही आग से निकलने वाला धुआं वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। कई वैज्ञानिक मानते हैं कि वाइल्डफायर, जलवायु परिवर्तन का कारण भी है और परिणाम भी है त्जंगल की आग अधिकतर मानवजनित गतिविधियों का परिणाम होती है, जबकि प्राकृतिक रूप से लगने वाली आग वैश्विक स्तर पर कुल घटनाओं का, केवल एक छोटा हिस्सा होती है। जंगल की आग, मिट्टी के क्षरण और पोषक तत्वों की हानि का एक प्रमुख कारण है त् जंगलों में आग का जल स्रोतों पर भी सीधा असर पड़ता है। जब मिट्टी की पकड़ ढीली हो जाती है, तो बारिश का पानी सीधे बह जाता है और जलस्रोतों में मिट्टी भर जाती है। इससे झीलें, नदियां और जलाशय धीरे-धीरे भरने लगते हैं और उनकी जलधारण क्षमता घट जाती है। इसके अलावा, आग से जंगल की हरियाली नष्ट हो जाने से मिट्टी की, पानी को सोखने और संग्रह करने की क्षमता भी कम हो जाती है। जिससे आसपास के इलाकों में जल संकट पैदा हो सकता है। बार-बार लगने वाली जंगल की आग वर्षा और शुष्क दोनों ऋतुओं में बाढ़ और सूखे की परिस्थितियों को जन्म देती है। इससे भूमि की जल सोखने की क्षमता (इनफिल्ट्रेशन) कम हो जाती है, जिससे भूजल भंडारण घटता है और नदियों का सामान्य प्रवाह प्रभावित होता है। आग के कारण मिट्टी की ऊपरी परत नष्ट हो जाती है, जिससे वर्षा का जल सीधे सतह पर बहकर निकल जाता है और बहाव (रनऑफ) बढ़ जाता है। परिणामस्वरूप, एक ओर तो वर्षा के दौरान बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है, वहीं दूसरी ओर सूखे में पानी की कमी और भूजल स्तर गिरने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। यह स्थिति जलचक्र के संतुलन को बिगाड़ देती है और पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर खतरा बन जाती है त् जंगल की आग से न केवल पेड़-पौधे नष्ट होते हैं, बल्कि वन्यजीवों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। छोटे जीव-जंतु तुरंत मारे जाते हैं और बड़े जीवों को अपने बसेरे छोड़ने पड़ते हैं। यह विस्थापन उनके जीवनचक्र और प्रजनन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। मानव जीवन पर भी इसका असर होता है। जंगलों पर आश्रित आदिवासी समुदायों की आजीविका पर खतरा मंडराने लगता है, और कई बार उन्हें भी विस्थापित होना पड़ता है।इस समस्या का समाधान केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है। आग लगने के कारणों की पहचान कर उनसे निपटना, आग से पहले की सतर्कता प्रणाली (र्त्बि हग्हु एब्रस्), स्थानीय समुदायों को शामिल कर उन्हें जागरूक करना, और पारंपरिक ज्ञान का इस्तेमाल कर आग से बचाव की रणनीति बनाना, ये सब ज़रूरी कदम हैं। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन से निपटना भी अब वक़्त की माँग है, क्योंकि बढ़ती गर्मी, सूखा और बदलते मौसम जंगलों को और अधिक संवेदनशील बना रहे हैं। इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। बढ़ती आगजनी विशाल जंगलों को नष्ट कर रही हैं, वन्यजीवों को बेघर कर रही हैं, और मानव जीवन व आजीविका के लिए खतरा बन रही हैं। इसके अलावा, आग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे कृषि उत्पादकता घटती है। अमेजन से लेकर हिमालय तक भड़कती इन आग की घटनाओं से निपटने के लिए वन प्रबंधन सुधारने, अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करने और जन-जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। जंगलों में लगने वाली आग अब सिर्फ एक मौसमी संकट नहीं रही। यह एक सतत और जटिल चुनौती बन चुकी है, जो हमारी भूमि, जल और जीवन के संतुलन को प्रभावित कर रही है।

# 'करुणा-विनम्रता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा', पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। वह 88 साल के थे और बीते दिनों गंभीर रूप से बीमार हुए थे और हाल ही में अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। वेटिकन ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन की सूचना जारी की। इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप पोप फ्रांसिस का का सोमवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वेटिकन केमरलेंगो केविन फेरेल ने एक बयान में कहा कि आज सुबह 7:35 बजे रोम के बिशप, फ्रांसिस, पिता के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च कार्डिनल की सेवा के लिए समर्पित था। फ्रांसिस पुरानी फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे और युवावस्था में उनके एक फेफड़े का हिस्सा निकाल दिया गया था। उन्हें 14 फरवरी, 2025 को जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उन्हें डबल निमोनिया का पता चला था। उनके निधन के बाद पूरी दुनिया में शोक की लहर है। वेटिकन में नौ दिन का शोक घोषित कर दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पोप फ्रांसिस को हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। छोटी



उम्र से ही उन्होंने प्रभु मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने गरीबों और वंचितों की लगन से सेवा की। जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई। मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद करता हूं और समावेशी और सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हुआ। भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजोया जाएगा। उनकी आत्मा को ईश्वर की गोद में शांति मिले।' पोप फ्रांसिस पहले लैटिन अमेरिकी धर्मगुरू थे, जो पोप के पद पर पहुंचे। उन्हें साल 2013 में पोप की उपाधि मिली थी। बतौर पोप अपने 12 साल के कार्यकाल में पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में कई अहम प्रशासनिक बदलाव किए। पोप फ्रांसिस का जन्म 17 दिसंबर 1936 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था। उनका नाम जोर्गे मारियो बर्गोलियो था। पोप की उपाधि पाने वाले पोप फ्रांसिस पहले जेसुइट थे। धर्म की राह पर आने से पहले जोर्गे मारियो बर्गोलियो ने बतौर केमिकल टेक्निशियन अपने करियर का शुरुआत की और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम किया। इसी दौरान उनका धर्म की तरफ झुकाव बढ़ा और वे चर्च से जुड़ गए। जब पोप 21 साल के थे, तो वे न्यूमोनिया से पीड़ित हो गए, इसके चलते उनके फेफड़े का एक हिस्सा भी निकालना पड़ा। साल 1958 में वे ईसाई धर्म की एक परंपरा जेसुइट से जुड़ गए और धार्मिक शिक्षा देना शुरू कर दिया। साल 1969 में वे पादरी बने। पोप फ्रांसिस ने अपने निधन से एक दिन पहले ही ईस्टर के मौके पर वेटिकन में श्रद्धालुओं से मुलाकात की थी। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पहली बार पोप फ्रांसिस लोगों से मिले थे। इस दौरान पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं भी दी थीं। पोप फ्रांसिस ने ईस्टर के मौके पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की थी।

## योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी न होने से भड़के शिक्षक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, नौकरी गंवाने वाले पश्चिम बंगाल के हजारों शिक्षक और स्कूल कर्मचारी अब पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) मुख्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। आंदोलनकारियों की मांग है कि एसएससी 2016 की भर्ती परीक्षा में पास हुए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी करे। भर्ती निकाय ने कहा है कि वह सिर्फ पहले तीन राउंड की काउंसलिंग में शामिल योग्य उम्मीदवारों की सूची देगा, बाकी राउंड की नहीं। इस पर शिक्षकों का गुस्सा फूट गया। पश्चिम बंगाल के हजारों आंदोलनकारी शिक्षक सोमवार रात को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) मुख्यालय आचार्य सदन के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। आंदोलनकारियों की मांग है कि एसएससी 2016 की भर्ती परीक्षा में पास हुए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी करे, लेकिन भर्ती निकाय ने शाम छह बजे तक एसएससी क्वालीफायर की सूची जारी नहीं की। एसएससी ने कहा कि अमान्य घोषित शिक्षकों के लिए आयोजित 12 राउंड की काउंसलिंग में से केवल पहले तीन राउंड ही वैध हैं।

# भारत-यूएस के बीच व्यापार समझौते के लिए तय हुईं संदर्भ शर्तें; मोदी-वेंस की वार्ता के बाद घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की सोमवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (बीटीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया और ऊर्जा, रक्षा व तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की संदर्भ शर्तें तय कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सोमवार शाम हुई मुलाकात के बाद यह घोषणा की गई। मोदी और वेंस ने बीटीए की दिशा में अब तक हुई प्रगति का भी स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिकी रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार व मजबूती देने पर सहमति जताई। पीएम मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी 21वीं सदी में हमारे लोगों और दुनिया के बेहतर भविष्य को परिभाषित करेगी। वेंस-पीएम मोदी की मुलाकात के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति कार्यालय ने बताया, दोनों नेताओं ने साझा आर्थिक प्राथमिकताओं पर भावी चर्चाओं के लिए रोडमैप तैयार किया। भारत के अमृत काल और अमेरिका के लिए स्वर्ण युग के अपने-अपने दृष्टिकोण से निर्देशित, बीटीए से दोनों देशों में श्रमिकों, किसानों व उद्यमियों के लिए विकास के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।वेंस की यह यात्रा वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप व पीएम मोदी के बीच हुई सकारात्मक और सफल बैठक के बाद हो रही है। वेंस के कार्यालय ने कहा, यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में हासिल प्रगति की समीक्षा और



13 फरवरी को जारी भारत-अमेरिका साझा वक्तव्य के परिणामों के कार्यान्वयन का अवसर देती है। दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए। वेंस ने शानदार मेजबानी के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया।दोनों नेताओं ने ऊर्जा, रक्षा, रणनीतिक तकनीक और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के प्रयासों को सराहा। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया और इन मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया। उप राष्ट्रपति वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, उनके बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी भारत यात्रा पर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में वॉशिंगटन डीसी दौरे को याद किया और बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई चर्चा भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक रोडमैप बन गई है। इसमें अमेरिका के 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) और भारत की 'विकसित भारत 2047' दृष्टिकोण की ताकत का उपयोग करने की बात की गई। उन्होंने व्यापार समझौते में प्रगति का स्वागत किया। ऊर्जा, रक्षा, और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे सहयोग की सराहना की। दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि संवाद और कूटनीति से ही दुनिया की समस्याएं हल हो सकती हैं। वेंस का पहला भारत दौरा है, जो चार दिन का है। वह दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा भी जाएंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिका ने कई देशों पर जवाबी टैरिफलगाए हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। अमेरिका ने 90 दिनों के लिए 10झ् की दर से सीमित टैरिफ लगाए हैं, ताकि बातचीत का मौका मिल सके। भारत और अमेरिका के बीच इसी सिलसिले में व्यापार समझौते की वार्ता तेज हो गई है।वेंस से मुलाकात में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शुभकामनाएं दीं। कहा, वह इस वर्ष के अंत में क्वाड सम्मेलन में उनकी भारत यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने अपने निवास पर उपराष्ट्रपति वेंस, उषा वेंस, तीनों बच्चों ईवान व विवेक और बेटी मीराबेल का स्वागत किया वेंस की भारत यात्रा का समय इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी टैरिफ से हिली हुई है। दुनिया का हर देश इससे बचने के लिए अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते की होड़ में है।

# पीएम की सऊदी यात्रा खाड़ी देशों के साथ संबंधों में प्रगाढ़ता का संकेत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** श्रृंगला ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, विशेषकर क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण, संबंधों



में परिवर्तन आया है। पीएम की यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिनी यात्रा मंगलवार से शुरू हो रही है। उनकी इस यात्रा को न केवल सऊदी अरब, बल्कि संपूर्ण खाड़ी और इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर माना जा रहा है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला का कहना है कि पीएम मोदी की सऊदी अरब की यात्रा खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों की प्रगाढ़ता का संकेत है।श्रृंगला ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, विशेषकर क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण, संबंधों में परिवर्तन आया है। पीएम की यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। श्रृंगला ने कहा कि भारत और सऊदी के बीच मजबूत संबंधों का एक प्रमुख कारण ऊर्जा हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सऊदी अरब उन देशों में से एक है जिनके बास जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल-डीजल) का विशाल भंडार है। यह आयातक के रूप में हमारे लिए महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब भी भारत को एक भागीदार के रूप में देखता है। पीएम की यात्रा को मील का पत्थर बताते हुए श्रृंगला ने कहा, यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा है, जो भारत-सऊदी और पूरे अरब और इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की प्रमुख भूमिका और भारत के लिए इसके रणनीतिक महत्व को देखते हुए पूर्व राजदूत महेश सचदेव ने पीएम की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की अपने ही घर में की गई हत्या, आरोपी और वारदात की जांच में जुटी पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कर्नाटक।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी/आईजीपी (सेवानिवृत्त) ओम प्रकाश की उनके आवास में हत्या कर दी गई है। ये जानकारी बंगलूरू पुलिस की तरफ से साझा की गई है। बता दें कि, ओम प्रकाश 1981 बैच के अधिकारी है। फिलहाल पुलिस मामले में सभी एंगल से जांच कर रही है।कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की रविवार को हत्या हो गई। पुलिस ने पत्नी पल्लवी और बेटी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और झगड़े के बाद उन्होंने ही पति की हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।बता दें कि, 68 वर्षीय ओम प्रकाश मूल रूप से बिहार के चंपारण के निवासी थे। उन्हें 1 मार्च 2015 को पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। वे पहले कर्नाटक होम गार्ड्स और फायर ब्रिगेड के महानिदेशक थे और 2015 से 2017 तक राज्य के पुलिस महानिदेशक भी रहे।एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ओम प्रकाश (68) रिटायरमेंट के बाद बंगलूरू में ही अपने घर में रह रहे थे। पत्नी के साथ उनकी अनबन चल रही थी। पत्नी ने रविवार शाम



को पुलिस को फोन कर पति की मौत की जानकारी दी। इतने बड़े पूर्व आला अधिकारी की हत्या की खबर सुनते ही पुलिस की एक टीम उनके निवास पर पहुंची। वहां ओम प्रकाश का खून से लथपथ शव पड़ा था। पुलिस ने पूछताछ के लिए पत्नी और बेटी को तत्काल हिरासत में ले लिया। एचएसआर लेआउट पुलिस स्टेशन में हत्या का केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए होसुर रोड स्थित सेंट जॉन्स अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक ओम प्रकाश और उनकी पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। इसकी जानकारी पड़ोसियों और उनके रिश्तेदारों को भी थी। हालांकि अभी ये पता नहीं चला है कि आखिर रविवार को ऐसा क्या हुआ कि नौबत हत्या तक पहुंच गई। वहीं इस मामले में बंगलूरू के एडिशनल सीपी विकास कुमार ने कहा, 'आज दोपहर करीब 4-4:30 बजे हमें हमारे पूर्व डीजीपी और आईजीपी ओम प्रकाश की मौत की सूचना मिली। उनके बेटे से संपर्क किया गया है और वह घटना के खिलाफ शिकायत दे रहे हैं और उसके आधार पर इंर्ध दर्ज की जाएगी। एडिशनल सीपी ने आगे बताया कि, मामला दर्ज होने के बाद विस्तृत जांच की जाएगी... फिलहाल, कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि मामला आंतरिक हो सकता है... ऐसा लगता है कि किसी धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया है, जिससे इतना खून बह गया कि उनकी मौत हो गई'।

# पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, दो मई को दिल्ली पुलिस के सामने हाजिरी के दिया आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व धॅंए प्रोबेशनर पूजा खेडकर को आदेश दिया है कि वह 2 मई को दिल्ली पुलिस के सामने पेश हों। खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ळइएण् सिविल सेवा परीक्षा 2022 में धोखाधड़ी की और धॅंण् और दिव्यांग कोटे का गलत फायदा उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को एक बार फिर राहत हेते हुए दो मई को दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। बता दें कि खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में धोखाधड़ी की और ओबीसी और दिव्यांग कोटे का गलत फायदा उठाया। हालांकि खेडकर ने अपने खिलाफ सभी आरोपों का खंडन किया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने यह भी पाया कि अभी तक मामले में पक्की जांच नहीं हुई है और दिल्ली पुलिस को जांच तेज करने के निर्देश दिए।



साथ ही दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि खेडकर से पूछताछ हिरासत में करने की जरूरत है, लेकिन कोर्ट ने उन्हें फिलहाल अंतरिम राहत दे दी।इससे पहले हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि यह मामला सिस्टम से बड़े स्तर पर हेरफेर का है, जिसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। ळइएण् और दिल्ली पुलिस दोनों ने खेडकर के खिलाफ एफआईआर और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने गलत जानकारी और फर्जी पहचान के सहारे परीक्षा में बैठने की कोशिश की थी।गौरतलब है कि पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण तब दिया गया था, जब उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त, 2024 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया था, और इसे समय-समय पर बढ़ाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यूपीएससी परीक्षा सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा थी और यह मामला संवैधानिक निकाय के साथ-साथ समाज के साथ धोखाधड़ी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर आरक्षण लाभ हासिल करने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के लिए अपने आवेदन में गलत जानकारी प्रस्तुत करने का आरोप है।

# महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज; एक मंच पर दिखे शरद-अजित पवार, फिर लगने लगीं साथ आने की अटकलें

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**महाराष्ट्र।** शरद पवार और उनके भतीजे अजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अलग-अलग गुटों के प्रमुख हैं। दोनों महाराष्ट्र में प्रतिद्वंद्वी गठबंधन का हिस्सा हैं। 2023 में अजित ने चाचा के खिलाफ विद्रोह



कर दिया था और तत्कालीन भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे। महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।पुणे के सखार संकुल (चीनी परिसर) में आयोजित बैठक डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली। इसमें वसंतदादा चीनी संस्थान के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कि अजित पवार ने कहा कि बैठक में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरता में सुधार करने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, 'हमने चर्चा की कि कैसे एआई कृषि उत्पादन बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट जैसी फर्म इस क्षेत्र में पहल का समर्थन कर रही हैं। कृषि विभाग ने अपने कुछ चल रहे प्रयासों को भी साझा किया और चीनी उत्पादन में सुधार के सर्वोत्तम तरीकों पर चर्चा की गई।' हाल के हफ्तों में शरद पवार के साथ उनकी तीसरी मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री ने इन बैठकों के राजनीतिक महत्व को दरकिनार कर दिया। हाल के हफ्तों में पहली बार दोनों उनके बेटे जय की सगाई मिले थे। उन्होंने कहा कि परिवार सगाई जैसे अवसरों पर एक साथ आते हैं और उन्हें किसी अन्य दृष्टिकोण से व्याख्या करने की कोई आवश्यकता नहीं है।शरद पवार और उनके भतीजे अजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अलग-अलग गुटों के प्रमुख हैं। दोनों महाराष्ट्र में प्रतिद्वंद्वी गठबंधन का हिस्सा हैं। 2023 में अजित ने चाचा के खिलाफ विद्रोह कर दिया था और तत्कालीन भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे।अजित पवार ने सतारा में रयात शिक्षण संस्था में उनकी हाल की संयुक्त उपस्थिति पर भी टिप्पणी की। यहां उनके चाचा अध्यक्ष हैं और वे एक ट्रस्टी हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं रयात शिक्षण संस्था की बैठकों में जाता हूं तो मैं एक ट्रस्टी के रूप में जाता हूं, न कि उपमुख्यमंत्री के रूप में। उस बैठक में छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए शिक्षा में एआई के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया था। आज की बैठक कृषि में एआई के बारे में थी। सरकार में काम करते समय हमें हमेशा किसानों की आय बढ़ाने और उनकी इनपुट लागत कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।'उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विषय राजनीति से परे होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी प्रमुख मुद्दों पर सर्वदलीय बैठकें बुलाते हैं। अब जब चुनाव खत्म हो गए हैं और सरकार बन गई है तो लोगों के लिए काम करते हुए एक साथ आना और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना महत्वपूर्ण है।

# खून के नमूने बदलने के आरोप में गिरफ्तार डॉक्टर्स के लाइसेंस निलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**महाराष्ट्र।** मामला पिछले साल का है, जब पुणे शहर में 18-19 मई 2024 की रात को पोर्श कार को तेज गति से दौड़ाने के चक्कर में एक बाइक को टक्कर मार दी थी।



हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामला अलग-अलग विभागों की लीपापोती के प्रयासों की वजह से देशभर में सुर्खियों में आया था। इसमें शराब परीक्षण को अमान्य करने के लिए खून के नमूनों की अदला-बदली भी शामिल थी। पुणे में पोर्श कार दुर्घटना के करीब एक साल बाद महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) ने सोमवार को दो डॉक्टरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। उन्हें मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। घटना के वक्त सरकारी ससून जनरल अस्पताल में कार्यरत डॉ. अजय टावरे और डॉ. श्रीहरि हल्नोर पर दुर्घटना में शामिल नाबालिग चालक के रक्त के नमूनों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया था। हादसे में दो सॉफ्टवेयर पेशेवरों की मौत हो गई थी। दोनों डॉक्टरों पर किशोर के रक्त के नमूनों को उसकी मां के नमूनों से बदलने का आरोप लगाए जाने के बाद एमएमसी ने स्वतः संज्ञान लिया था और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। इससे पहले पुणे पोर्श केस में दो निलंबित पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी। पुणे पुलिस ने महाराष्ट्र के गृह विभाग को एक प्रस्ताव भेजा था, जिसमें पिछले साल मई में पोर्श कार दुर्घटना के सिलसिले में निलंबित किए गए दो पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी। मामले में शामिल किशोर को निगरानी गृह से रिहा कर दिया गया है, जबकि उसके माता-पिता, दो डॉक्टर, ससून अस्पताल का एक कर्मचारी, दो बिचौलिए और तीन अन्य जेल में हैं।एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि मामला पिछले साल 19 मई की सुबह कल्याणी नगर इलाके में कथित तौर पर नशे की हालत में 17 वर्षीय एक लड़के की ओर से चलाई जा रही पोर्श कार से जुड़ा है। कार ने दो मोटरसाइकिल सवार तकनीशियनों को कुचल दिया था। येरवडा पुलिस स्टेशन से जुड़े इंस्पेक्टर राहुल जगदाले और एपीआई विश्वनाथ टोडकरी को उस समय देरी से रिपोर्ट करने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

# हावड़ा की रासायनिक फैक्ट्री में भीषण आग, आरएएफ को बुलाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**हावडा।** हावड़ा के पास डोमजुड़ में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई है। दमकल की 15 गाड़ियां आग से उसे बुझा पाना संभव नहीं है। चूंकि यह एक रासायनिक फैक्ट्री है, इसलिए आग के तेज़ी से फैलने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स में ज्वलनशील पदार्थ और तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल रही है। क्योंकि फैक्ट्री आबादी से थोड़ी दूर है, इसलिए दमकल कर्मियों को थोड़ी राहत मिली है, वरना बड़ा



बुझाने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने आग बुझाने का काम बंद कर दिया है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा के पास डोमजुड़ में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई है। काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया है। प्रारंभ में दमकल की 15 गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने आग बुझाने का काम बंद कर दिया है।आग की तीव्रता इतनी ज़्यादा है कि सिर्फ पानी की बौछार (आरएएफ) को तैनात किया गया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। हताहतों के बारे में भी अभी तक किसी तरह की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह फैक्ट्री डोमजुड़ के एक सुनसान इलाके में स्थित ओएनजीसी की एक रासायनिक इकाई है, जहां बड़ी मात्रा में रसायन संग्रहित थे। जानकारी के अनुसार, वहां लगभग 100 से 150 तेल के टैंकर रखे गए थे, जिनमें धमाके हो रहे हैं और पूरा इलाका कांप उठा है। बड़ी मात्रा हादसा हो सकता था। हालांकि, फैक्ट्री के अंदर कोई फंसा है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि दमकल कर्मी अंदर जा ही नहीं पाए हैं। अब आग को काबू करने के लिए अन्य उपायों पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक फैक्ट्री परिसर के भीतर ही मजदूरों ने अपने रहने के लिए झोपड़ियां बना रखी थीं। उन्हें पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। अभी तक आग को नियंत्रण में लाया नहीं जा सका है। खबर है कि और भी दमकल गाड़ियां भेजी जाएंगी। आग कैसे लगी, इसकी वजह भी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## बिग बी ने बताया सभी बीमारियों का रामबाण इलाज, काम को लेकर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के 'शहंशाह' अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया और ब्लॉग्स पर काफी एक्टिव रहते मुताबिक, जो सभी बीमारियों का इलाज है। मेगास्टार अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग पर काफी एक्टिव रहते हैं। वो समय-समय से पीछे नहीं हटते हैं। वो काम को लेकर अभी भी किसी नए कलाकार के जितना ही एक्टिव और उत्साहित रहते हैं। उनके साथ काम करने



हैं। अब उन्होंने अपने ब्लॉग पर बीमारियों के इलाज को लेकर बात की और सभी बीमारियों का एक इलाज बताया है। जानिए बिग बी ने क्या लिखा है।बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 82 साल की उम्र में भी लगातार काम कर रहे हैं। वो फिल्मों में भी पूरी तरह से सक्रिय हैं और उसके अलावा विज्ञापनों और टीवी शो में भी लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। बिग बी सोशल मीडिया और ब्लॉग्स पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपने काम करने से लेकर अपनी दिनचर्या तक के बारे में अपने फैंस को बताते रहते हैं। हाल ही में बिग बी ने एक रामबाण इलाज के बारे में बताया है। उनके पर अलग-अलग विषयों पर अपने ब्लॉग में लिखते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने अपने ब्लॉग पर सभी बीमारियों के इलाज के लिए एक रामबाण उपाय बताया है। बिग बी ने ब्लॉग पर लिखा, ङ्ककाम ही सभी बीमारियों का इलाज है। मैंने काम किया।ङ्क बिग बी का मानना है कि काम करते रहना चाहिए क्योंकि ये सभी बीमारियों से आपको दूर रखता है। ये जगजाहिर है कि अमिताभ बच्चन अपने काम को लेकर कितना गंभीर और उत्साहित रहते हैं। बिग बी के लिए काम कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 82 साल की उम्र में और पांच दशक से लंबे करियर में वो अभी भी काम वाले कई कलाकार इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि अमिताभ बच्चन अभी भी काम को लेकर वैसे ही रिएक्ट करते हैं, जैसे वो कोई नए कलाकार हों और सीख रहे हों। वो अभी भी न तो रिहर्सल करने से पीछे हटते हैं और न ही स्क्रिप्ट को रटने से। वो खुद को हमेशा निर्देशक का एक्टर बताते हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आए थे। फिल्म में उन्होंने अश्वत्थामा का किरदार निभाया था। इसके अलावा वो अपने टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन को लेकर भी चर्चाओं में बने हुए हैं।

## विष्णु विशाल के घर गूंजी किलकारी, पत्नी ज्वाला गुट्टा ने दिया बेटी को जन्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा के घर किलकारी गूंजी अभिनेता विष्णु विशाल ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ साझा की है। ये कपल का पहला



है। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया है। इसके बाद लोग अब कपल को बधाई दे रहे हैं।तमिल अभिनेता विष्णु विशाल और बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा के घर खुशखबरी आई है। क्योंकि कपल माता-पिता बना है। ज्वाला गुट्टा ने बेटी को जन्म दिया है। इसकी जानकारी खुद बच्चा है, जो उनकी शादी के तकरीबन चार साल बाद हुआ है। अभिनेता विष्णु विशाल ने अपने एक्स अकाउंट पर अपने घर नन्हीं परी के आगमन की जानकारी साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, ङ्कहमें एक बच्ची का आशीर्वाद मिला है। आर्यन अब बड़ा भाई बन गया है। आज हमारी शादी की चौथी सालगिरह है। इसी दिन हम इस प्यारे से उपहार का भी स्वागत करते हैं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है।ङ्क अपनी इस पोस्ट में अभिनेता ने ज्वाला गुट्टा को भी मेंशन किया है विष्णु विशाल ने अपनी इस पोस्ट के साथ में दो तस्वीरें भी साझा की हैं। पहली तस्वीर में नए माता-पिता अपनी बच्ची का हाथ थामे हुए हैं और दूसरी तस्वीर में उनके बेटे आर्यन अस्पताल में अपनी छोटी बहन को निहारते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि आर्यन विष्णु विशाल की पहली पत्नी से हुआ बच्चा है। ज्वाला गुट्टा से उनकी दूसरी शादी हुई है। विष्णु विशाल और ज्वाला गुट्टा ने 22 अप्रैल, 2021 को हैदराबाद में एक निजी शादी समारोह में शादी की थी।

## 'मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया', आपत्तिजनक जातिगत टिप्पणी के बाद अनुराग कश्यप का माफीनामा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी विवादित जातिगत टिप्पणी को लेकर चर्चा में हैं। इसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई। इसके बाद उन्होंने माफी मांग ली है।फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप ने बीते दिनों एक जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी पर जमकर विवाद हो रहा है और अनुराग कश्यप की आलोचना हो रही है। अनुराग कश्यप को भी अब अपनी गलती का एहसास हो गया है, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी है। अनुराग कश्यप ने आज मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया'। अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया। और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। वो समाज, जिसके तमाम लोग मेरी जिंदगी में रहे हैं, आज भी हैं और बहुत योगदान करते हैं। आज वो सब मुझसे आहत हैं। मेरा परिवार मुझसे आहत है। बहुत सारे बुद्धिजीवी, जिनकी मैं इज्जत करता हूं मेरे उस गुस्से में, मेरे बोलने के तरीके से आहत हैं। मैंने खुद ही ऐसी बात करके, अपनी ही बात को मुद्दे से भटका दिया'। अनुराग कश्यप ने आगे लिखा है, 'मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था, लेकिन आवेश में किसी की घटिया टिप्पणी का जवाब देते हुए लिख दिया। मैं माफी मांगता हूं अपने उन तमाम सहयोगी दोस्तों से, अपने परिवार से और उस समाज से, अपने बोलने के तरीके के लिए, अभद्र भाषा के लिए। अब आगे से ऐसा न हो, मैं उस पर काम करूंगा। अपने गुस्से पर काम करूंगा। मुद्दे की बात अगर करनी हो तो सही शब्दों का इस्तेमाल करूंगा। आशा है आप मुझे माफ कर देंगे'।



## 10 घंटे शूटिंग करने के बाद टाइगर श्रॉफ ने उठाया 180 किलो वजन, कही हैरान करने वाली बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टाइगर श्रॉफ इन दिनों 'बागी 4' बनाने में व्यस्त हैं। इससे पहले उन्होंने वेटलिफ्टिंग की है। पहले वह कहते हैं 'शूटिंग के बाद 180 किलो।'टाइगर श्रॉफ ने वीडियो के कैप्शन में लिखा है '10 घटों तक एक्शन करने के बाद 180 के साथ बैठे हैं। दीवार, फर्श और उनके चेहरे पर खून लगा है। पोस्टर में नजर आ रहा है कि कुछ लोगों की लाशें भी नीचे पड़ी हैं। फिल्म



वजन उठाकर उन्होंने कहा है कि यह हल्का लग रहा है।बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर टाइगर श्रॉफ जबरदस्त एक्शन और फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 10 घंटे की शूटिंग के बाद जिम क्लब में 180 किलो वजन उठाया है। टाइगर श्रॉफ ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता के ट्रेनर उन्हें रिस्ट सपोर्टर दे रहे हैं। इसके बाद टाइगर वजन उठाते हैं। वजन उठाने से किलो वजन हल्का लग रहा है। कमरे में अभी भी मैं सबसे ज्यादा मजबूत हूं।' ख्याल रहे कि टाइगर श्रॉफ 'बागी 4' की शूटिंग कर रहे हैं। यह फिल्म पांच सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का एलान पिछले साल 18 नवंबर को किया गया था। फिल्म का निर्देशन ए हर्ष कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का पोस्टर जारी किया था। पोस्टर में देखा जा सकता है कि वह एक टॉयलेट सीट पर चाकू और बोतल 'बागी' साल 2016 में रिलीज हुई थी। यह एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म 'वर्षम' की रीमेक थी। फिल्म 'बागी 2' साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अहमद खान ने किया था। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, दिशा पाटनी और मनोज बाजपेयी थे। 'बागी 3' का निर्देशन भी अहमद खान ने किया था। ये फिल्म तमिल फिल्म 'वेत्ताई' से प्रेरित थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, रितेश देशमुख और श्रद्धा कपूर थे।

## पवन कल्याण ने पूरी की 'हरी हर वीरमल्लु' की शूटिंग, लेकिन कहानी में आया ये नया ट्वीस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पवन कल्याण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हरी हर वीरमल्लु' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, अब इस फिल्म कर दिया है। अब उम्मीदें बढ़ गई हैं कि फिल्म मई के अंत तक रिलीज हो सकती है। वहीं, अब फिल्म को लेकर खबर है कि एक बड़ा शेड्यूल पूरा हो चुका है, लेकिन पार्ट वन के



की शूटिंग पर बड़ा अपडेट सामने आया है। साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरी हर वीरमल्लु' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 'हरि हर वीरा मल्लू' बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। वहीं, अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है पवन कल्याण अभिनीत 'हरी हर वीरमल्लुभाग 1- स्वॉर्ड बनाम स्पिरिट' का इंतजार काफी लंबा रहा है। पहले कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित और बाद में ज्योति कृष्णा द्वारा निर्देशित, इस फिल्म को पिछले कुछ सालों में कई बार देरी का सामना करना पड़ा है, जिससे प्रशंसक निराश हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि पवन कल्याण ने डबिंग समेत फिल्म के बाकी हिस्सों को पूरा करने के लिए समय बांट लिए नहीं। यह वास्तव में फिल्म का दूसरा भाग है यानी 'हरी हर वीरमल्लु', जिसने हाल ही में मुंबई में अपना अंतिम आउटडोर शूट पूरा किया है। फिल्म के कॉस्ट्यूम डिजाइनरों ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए इसका खुलासा किया। इस बीच प्रशंसक निर्माताओं से अनुरोध कर रहे हैं कि वे पहले भाग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें और इसे जल्द से जल्द सिनेमाघरों में लाएं। प्रत्याशा बहुत अधिक है और कई लोग जल्द ही आधिकारिक रिलीज की तारीख की उम्मीद कर रहे हैं। इस फिल्म में निधि अग्रवाल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही बॉबी देओल, नरगिस फाखरी, नोरा फतेही और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मेगा सूर्या प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'हरि हर वीरमल्लू' एक बहुभाषी फिल्म है, जिसका संगीत ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।

## थैरेपी पर नुसरत ने बताया नजरिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म 'छोरी 2' में नजर आईं नुसरत भरुचा ने हाल ही में कहा कि एक्टर्स को थैरेपी लेनी चाहिए, खुद को हील करना चाहिए। बॉलीवुड में भी कई एक्टर्स हैं, जो जिंदगी के किसी दौर में डिप्रेशन का शिकार हुए। जानिए, किस सेलिब्रिटी ने अपने डिप्रेशन पर बात की, इससे उबरने की कोशिश। हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने अमर उजाला संवाद के मंच पर सोशल मीडिया के बुरे असर पर बात की। साथ ही बताया कि कई एक्टर्स को अपने रोल से बाहर आने के लिए थैरेपी की जरूरत पड़ती है। थैरेपी सिर्फ किसी किरदार से बाहर आने में ही मदद नहीं करती है, ये डिप्रेशन को ठीक करने में भी मददगार है। जानिए, ऐसे बॉलीवुड एक्टर्स के बारे में जो कभी डिप्रेशन का शिकार रहे और बाद में थैरेपी, फैमिली सपोर्ट से ठीक हो गए। साल 2015 में दीपिका पादुकोण ने अपने डिप्रेशन को लेकर बात की। साथ ही एक संस्था भी शुरू की, जो डिप्रेशन से लड़ने में लोगों की मदद करती है, मेंटल हेल्थ को लेकर अवेयरनेस फैलाती है। दीपिका अपनी कोशिशों, थैरेपी और फैमिली सपोर्ट के कारण डिप्रेशन से उबर पाईं और आज एक खुशहाल जिंदगी जी रही हैं।

## 'ग्राउंड जीरो' ही नहीं ये फिल्में भी दिखाती हैं कश्मीर का संघर्ष, दर्शकों ने की तारीफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'ग्राउंड जीरो' कश्मीर मुद्दे पर बनी है। हम इस खबर में उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो कश्मीर मुद्दे पर बनीं हैं।भारत के राज्य जम्मू व कश्मीर को धरती की जन्नत कहा जात



है। यहां कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग हुई है। यहां के कई मुद्दे सुर्खियों में रहते हैं। इन मुद्दों पर कई फिल्में बनी हैं। 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'ग्राउंड जोरी' भी कश्मीर मुद्दे पर बनी है। फिल्म की कहानी बीएसएफ अधिकारी दुबे पर आधारित है, जिन्होंने दो साल की जांच का नेतृत्व करके मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पर्दा फाश किया था। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो कश्मीर मुद्दों पर बनी हैं। साल 2024 में रिलीज हुई यह फिल्म कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खत्म किए जाने के आस-पास घूमती है। फिल्म में बुरहान वानी का एनकाउंटर और अलगाववादी नेताओं का सामना कर घाटी में अमन कायम करने की कोशिश दिखाई गई है। फिल्म में यामी गौतम, प्रियामणि, अरुणा गोविल और किरण करमाकर हैं। कश्मीर में कई तरह की कहानियां हैं। 2014 में रिलीज हुई फिल्म हैदर भी उन्हीं कहानियों में से एक है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक युवक को यह पता चलने पर परेशानी होती है कि उसकी मां का नया पति उसके पिता की मौत का जिम्मेदार है। वह उससे बदला लेना चाहता है। फिल्म इसी के आस-पास घूमती है। फिल्म में शाहिद कपूर और तब्बू हैं। कश्मीर में उन औरतों को हाफ विडो (अर्ध विधवा) कहा जाता है, जिनके पति लापता हो गए हैं और यह पता नहीं है कि वह जिंदा हैं या उनकी मौत हो गई है। साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म इसी पर आधारित है। यह फिल्म कश्मीर के श्रीनगर की एक महिला की कहानी बताती है, जो अपने पति को खोजने की कोशिश करती है, जिसे भारतीय सेना ने अगवा कर लिया है। फिल्म में नीलोफर हमीद और शाहनवाज भट्ट अहम किरदार में हैं। मिशन कश्मीर साल 2000 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी कश्मीर में गलती से एक परिवार को मार देता है। पुलिस अफसर परिवार के एक बच्चे अल्ताफ को गोद लेता है।

## तापसी पन्नू कैसे बनीं फिल्म 'गांधारी' का हिस्सा राइटर कनिका ढिल्लों ने साझा की असल वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तापसी पन्नू जल्द ही फिल्म 'गांधारी' में नजर आएंगी। इस महिला प्रधान फिल्म का हिस्सा चयन कैसे हुआ? इस बारे में प्रोड्यूसर, राइटर कनिका ढिल्लों ने हाल ही में विस्तार से बताया। हिंदुस्तान टाइम्स से की गई हालिया बैठ रही थीं। सबकुछ जैसे सही समय पर हो गया। तापसी को भी फिल्म 'गांधारी' की कहानी, इसकी भावनाएं पसंद आईं।' हाल ही में



एक्ट्रेस कैसे बनीं? इस बारे में हाल ही में राइटर-प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लों ने जानकारी साझा की। तापसी पन्नू ने अपने अब तक के करियर में कई महिला प्रधान फिल्में की हैं। वह 'थप्पड़' जैसी महिला प्रधान फिल्म का हिस्सा रहीं, इस फिल्म में गंभीरता से महिला मुद्दों को उठाया गया था। जल्द ही वह फिल्म 'गांधारी' में भी एक चुनौतीपूर्ण किरदार करने वाली हैं। इस फिल्म और किरदार के लिए तापसी का बातचीत में कनिक ढिल्लों कहती हैं, 'फिल्म गांधारी एक बदले की कहानी है, साथ ही इसमें एक मां और बच्चे की प्यार भरे रिश्ते की कहानी भी शामिल है। एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए किस हद तक जा सकती है, यही फिल्म हमारी फिल्म की स्टोरी लाइन है।' कनिका आगे बताती हैं, 'तापसी काफी समय से एक एक्शन जॉनर की फिल्म करना चाहती थीं। ऐसे में वह हमारी फिल्म की कहानी के साथ फिट इस फिल्म की शूटिंग भी पूरी है, इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें तापसी पन्नू ने भी अपने इंस्टाग्राम पर साझा की थीं। तापसी इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। फिल्म 'गांधारी' को कनिका कथा पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इसके निर्देशक देवाशीष मखीजा हैं। फिल्म इस साल ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। तापसी इसमें एक अंधी महिला के किरदार में नजर आएंगी।

## वाणी ने बताया पाकिस्तानी एक्टर फवाद के साथ 'अबीर गुलाल' में काम करने का अनुभव, कहा- 'लकी हूं'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अभिनेत्री वाणी कपूर फिल्म 'अबीर गुलाल' में पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर खिलाफ हो रहे विरोध और आलोचनाओं के बीच वाणी और फवाद, दोनों सितारों की ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन बॉन्डिंग शानदार रही है। उन्होंने फवाद के साथ काम



आएंगी। उन्होंने फवाद के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया है।लंबे अरसे बाद भारतीय फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान कमबैक कर रहे हैं। वे 'अबीर गुलाल' में नजर आएंगे। इसमे उनकी जोड़ी वाणी कपूर के साथ जमेगी। भारत में इस फिल्म की रिलीज को लेकर विरोध के सुर शुरू हो गए हैं। वहीं, एक दर्शक वर्ग फवाद को परदे पर देखने के लिए उत्साहित है। इस बीच वाणी ने फवाद के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है वाणी कपूर का कहना है कि फवाद के साथ काम करते हुए वे खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। फिल्म के करने की उत्सुकता जाहिर की। हाल ही में इंस्टाग्राम लाइव सेशन के दौरान वाणी ने कहा कि 'अबीर गुलाल' फिल्म का हिस्सा बनकर और पाकिस्तानी एक्टर के साथ काम करके वे बेहद खुशकिस्मत महसूस कर रही हैं। वाणी ने कहा, 'मैं क्या कहूं? मैं काफी भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मुझे एक शानदार को-एक्टर मिला'। उन्होंने कहा कि स्क्रीन पर उनकी केमिस्ट्री काफी नेचुरल लगी। दोनों की एनर्जी और फ्रिक्वेंसी शानदार तरीके से मैच हुईं। वाणी ने आगे कहा, 'काम करते हुए हमने काफी एंजॉय किया। मुझे कहीं भी ऐसा नहीं लगा कि मुझे फोर्स किया जा रहा है'। वाणी कपूर ने फवाद खान के धैर्य के बारे में भी कुछ मजेदार बातें कहीं। उन्होंने मजाक में कहा, 'उनमें मेरी बकवास सुनने का धैर्य है, क्योंकि मैं बहुत वकवास करती हूं, चपड़ चपड़, इसलिए वह सुनने में अच्छे हैं। वह एक अच्छे श्रोता हैं। उनके अंदर कोई ईगो नहीं है'।

स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।